राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्षः 47 अंक 205
जौनपुर, सोमवार
12 मई 2025

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
40°C | 28°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

# सेना की धमक रावलपिंडी तक पहुंची, भारत ने पाक में घुसकर मारा

## ऑपरेशन सिंदूर पर बोले राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, 11 मई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान में घुसकर हमला किया है। उन्होंने कहा, 'जिन भारत विरोधी और आतंकी संगठनों ने भारत माता के मस्तक पर हमला करके कई परिवारों के सिंदूर मिटाए थे, उन्हें भारतीय सेना ने 'आपरेशन सिंदूर' के माध्यम से इंसाफ दिलाने का काम किया है। इसके लिए आज सारा देश भारतीय सेनाओं का अभिनंदन कर रहा है।'

उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई भर नहीं है, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है। यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति का और सैन्य शक्ति की क्षमता और संकल्प शक्ति का भी प्रदर्शन है। हमने दिखाया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जब भी कोई कार्रवाई करेगा तो आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सरहद पार की जमीन भी सुरक्षित नहीं रहेगी।

रक्षा मंत्री ने कहा, "भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचा ढहाने के उद्देश्य से लॉन्च किया था। हमने उनके आम नागरिकों को कभी निशाना नहीं बनाया था। मगर पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया बल्कि मंदिर, गुरुद्वारा और गिरिजाघर पर भी हमले करने का प्रयास किया। भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम के साथ-साथ संयम का भी परिचय देते हुए पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया है। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही नहीं कार्रवाई की बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है।"

उन्होंने कहा, "भारत में आतंकवादी घटनाएं करने और कराने का क्या अंजाम होता है, यह पूरे विश्व ने उरी की घटना के बाद देखा जब हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुस कर सर्जिकल स्ट्राइक की, पुलवामा के बाद देखा जब बालाकोट पर एयर स्ट्राइक की गई और अब पहलगाम की घटना के बाद दुनिया देख रही है जब भारत ने पाकिस्तान के भीतर घुस कर मल्टीपल स्ट्राइक्स की हैं।"

उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत है जो आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कार्रवाई करेगा।

## 'गोली चली, तो गोला चलाएंगे'

### पीएम मोदी की अमेरिका को दो टूक, बोले- किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, 11 मई।** भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे तनाव के बाद शनिवार को सीजफायर पर सहमति बनी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने ही दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कराई है। लेकिन भारत ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया था। भारत ने साफ कर दिया था कि पाकिस्तान ने फोन कर भारत से सीजफायर की गुजारिश की थी। अब समाचार एजेंसी ने न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के हवाले से दावा किया है कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच बातचीत हुई, जिसमें पीएम ने वेंस को दो टूक शब्दों में भारत का स्टैंड समझा दिया। पीएम मोदी ने जेडी वेंस से कहा कि 'अगर पाकिस्तान कुछ करता है, तो इस बार जवाब और भी विनाशकारी और सख्त होगा।' पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। अगर वहां से गोली चलेगी, तो यहां से गोला चलेगा। सूत्रों के हवाले से ये भी दावा किया गया है कि दोनों देशों के एनएसए और विदेश मंत्रियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। केवल पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से बात की थी।

## 'आतंकवाद कुत्ते की पूंछ.. कभी सीधी नहीं हो सकती'

### योगी बोले- ब्रह्मोस क्या है... पाकिस्तान वालों से पूछो

**लखनऊ, 11 मई।** भटगांव में ब्रह्मोस उत्पादन सेंटर और टेस्टिंग सेंटर का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेनाओं के सभी जवानों का अभिनंदन करते हुए प्रदेश वासियों की ओर से हृदय से बधाई दी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी में ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग देश की रक्षा सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल की झलक देखी होगी, नहीं देखी होगी तो पाकिस्तान वालों से पूछ लेना कि ब्रह्मोस मिसाइल क्या है? मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवाद को जब तक पूरी तरह कुचलेंगे नहीं, तब तक समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद कुत्ते की पूंछ की तरह है, जो कभी सीधी होने वाली नहीं, प्यार की भाषा नहीं समझते, इसलिए उनकी भाषा में ही ऑपरेशन सिंदूर में जवाब दिया गया है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के लिए आगे बढ़ाने के लिए 2018 में देश में डिफेंस कॉरिडोर बनाने की घोषणा की गई थी। उत्तर प्रदेश में यह कॉरिडोर बनाने की घोषणा प्रधानमंत्री ने लखनऊ से की थी।

### अवकाश

**बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में तरुणमित्र कार्यालय में अवकाश रहेगा।**

-प्रबन्धक

## विक्रम मिसरी को ट्रोल करने वालों को ओवैसी ने लताड़ा

**नई दिल्ली, 11 मई।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। ट्रोल्स ने उनकी पुरानी तस्वीरें और परिवार के सदस्यों के बारे में भी अभद्र टिप्पणियां की हैं। इसके कारण विक्रम मिसरी ने अपना एक्स अकाउंट के पोस्ट प्रोटेक्ट कर दिए हैं।

इस बीच ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी विक्रम मिसरी के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने ट्रोल्स को लताड़ लगाते हुए विक्रम मिसरी को हार्ड वर्किंग और ईमानदार डिप्लोमेट बताया है। ओवैसी ने लिखा, 'विक्रम मिसरी एक सभ्य और ईमानदार मेहनती राजनयिक हैं, जो हमारे देश के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं। हमारे सिविल सेवक कार्यपालिका के अधीन काम करते हैं, यह याद रखना चाहिए और उन्हें कार्यपालिका या देश चलाने वाले किसी भी राजनीतिक नेतृत्व द्वारा लिए गए निर्णयों के लिए दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए।'



# नगर के सभी वार्डों हेतु चुने जायेंगे अध्यक्ष, 15 से भूख हड़ताल का समर्थन

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक रविवार को उरमौरा स्थित कार्यालय में शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर के सभी वार्ड में वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही शहर कमेटी के गठन पर चर्चा हुई।

तय किया गया कि शहर की बुनियादी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा और निदान न होने पर आंदोलन किया जाएगा। शहर अध्यक्ष हाजी फरीद ने कहा कि संगठन से मिली जिम्मेदारियों को पूर्ण रूप से निभाया जाएगा। कहा कि देश के जो वर्तमान हालात हैं उसमें पार्टी देश के साथ है। भारत की एकता के लिए पूरा देश साथ खड़ा है। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा, अरविंद सिंह ने कहा कि जो लोग कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ें हैं उन्हें संगठन से जोड़ा जाए। राजनीति में रुचि रखने वालों को आगे लाया जाए। संगठन मजबूत होगा, तभी पार्टी मजबूत होगी। पूर्व प्रदेश सचिव इंजीनियर जितेंद पासवान व पूर्व जिला महासचिव गोपाल स्वरूप पाठक ने कहा कि संगठन की मजबूती के साथ लोगों की समस्याओं को गंभीरता से उठाया जाए। सोनभद्र विकास मंच के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा 15 मई से भुख हड़ताल पर पूर्ण समर्थन दिया गया।

अध्यक्ष फरीद अहमद ने कहा मंच के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा 2010 से भुख हड़ताल पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उप जिलाधिकारी ने लिखित आश्वासन दिए की पुराने चिकित्सालय परिसर में 24 घंटे ईलाज हेतु चिकित्सक प्राथमिक उपचार से सम्बन्धित फार्मासिस्ट ड्रेसर सहित आवश्यक कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। अस्पताल में पहुंचने वाले गम्भीर एवं दुघर्टना ग्रस्त मरीज चिकित्सक रेफर करेगा तो एम्बुलेंस चिकित्सालय परिसर में उपलब्ध रहेगी। शासन से नगर में सिटी हास्पिटल खुलवाया जायेगा।

मंच के 15 मई के भूख हड़ताल का समर्थन होगा।। बैठक में उपस्थित दिनेश धर दुबे पूर्व शहर उपाध्यक्ष प्रदीप चौबे, पूर्व शहर महासचिव प्रांजल श्रीवास्तव, पूर्व शहर महासचिव शंकर लाल भारती, पूर्व शहर महासचिव राधेश्याम सिंह पटेल, पूर्व शहर सचिव रिचर्ड डेबिट, शाहबाज खान, सुनीता पांडे, साहिल, राजेश, गुड़िया आदि उपस्थित रहे।

# लम्बित विवेचनाओं का विवेचक शीध्र ही करें निस्तारण: एएसपी

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** थाना रॉबर्ट्सगंज पर रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह द्वारा उपस्थित सभी विवेचकों का अर्दली रुम किया गया। अर्दली रुम में अपराध व विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा लम्बित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के संबंध में सर्वसम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

वहीं एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि विवेचनाओं में वांछित अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बताया कि विवेचना में लापरवाही बरतने वाले संबंधितों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

पुराने मामले व महिलाओं संबंधित अपराधों का मौका मुआयना कर साक्ष्य के साथ निस्तारण करते हुए संबंधित कार्रवाई करें। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राय, नई बाजार चौकी प्रभारी संतोष सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# कठिन और लंबे रास्तों को तय करने वाले छात्रों को सायकिल वितरित

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा को सुलभ और सहज बनाने के अपने सतत् प्रयासों के अंतर्गत, अवादा फाउंडेशन ने सोनभद्र के दूरस्थ आदिवासी गाँवों चिचलिक, बसुहारी, अड़गुड़ और चन्नी के 150 छात्रों को साइकिलें वितरित कीं। 'आशा की साइकिल' नामक इस अभियान का उद्देश्य उन बच्चों को मदद पहुँचाना है जो कठिन और लंबे रास्तों को प्रतिदिन पैदल तय कर स्कूल जाते हैं। इस पहल के माध्यम से न केवल उनकी विद्यालय तक पहुँच आसान होगी, बल्कि वे समय और ऊर्जा दोनों की बचत कर पाएँगे, जिससे पढ़ाई में बेहतर ध्यान दे सकेंगे। इस अवसर पर अवादा फाउंडेशन की निदेशक ऋतु पटवारी ने कहा, "हम मानते हैं कि शिक्षा से ही किसी समाज का सम्पूर्ण विकास होता है।

इन साइकिलों के माध्यम से न केवल बच्चे आसानी से स्कूल पहुँच सकेंगे, बल्कि उनके आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता में भी वृद्धि होगी। हमारी कोशिश है कि हर बच्चा बिना किसी बाधा के अपने सपनों तक पहुँच सके।" अवादा फाउंडेशन पिछले एक वर्ष से सोनभद्र के इन अति-पिछड़े गाँवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है।

इस दौरान फाउंडेशन ने गाँवों में सोलर लाइट लगवाने, पीने के पानी की व्यवस्था करने, स्थानीय स्तर पर क्रिकेट मैच और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने जैसे प्रयास किए हैं। कई सरकारी विद्यालयों में इन्वर्टर और पुस्तकालयों की स्थापना कराई गई है, साथ ही खेल मैदान बनवाए गए हैं ताकि बच्चों को शारीरिक विकास के अवसर मिल सकें। फाउंडेशन द्वारा ग्रामीणों को वस्त्र और छात्रों को यूनिफॉर्म, बैग, जूते आदि प्रदान किए गए हैं। विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति भी कराई गई है ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। साथ ही विद्यार्थियों को प्रेरणा देने और उनके दृष्टिकोण को विस्तारित करने के लिए शैक्षिक भ्रमण भी आयोजित किए गए हैं।

पोषण के क्षेत्र में भी फाउंडेशन ने सक्रिय भूमिका निभाई है। बच्चों और उनके परिवारों को संतुलित आहार सुनिश्चित करने के लिए पोषण युक्त राशन सामग्री का वितरण किया गया है। इसके अतिरिक्त, महिलाओं को घरेलू स्तर पर सब्जियाँ उगाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है और उन्हें बीज व पौधे भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे वे ताज़ी और पोषक सब्जियाँ उगाकर अपनी घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। साइकिल वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शशांक मिश्रा, स्थानीय चौकी प्रभारी अवादा से उपप्रबंधक महेश माथुर, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस आयोजन में ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

# योग को बनाएं जीवन का अनिवार्य हिस्सा: आनन्द

**तरूणमित्र न्यूज**

**ओबरा,सोनभद्र।** स्थानीय गांधी मैदान में राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को विशेष योग कक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु ने की। इस विशेष योग सत्र में ओबरा क्षेत्र के नागरिक प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे, जबकि देशभर से सैकड़ों लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से इस योग कक्षा को देखा और योगाभ्यास में भागीदारी की।

यह आयोजन स्थानीय स्तर पर आयोजित होकर भी राष्ट्रीय चेतना का वाहक बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय योग संरक्षक धनराज सिंह तथा राष्ट्रीय योग गुरु झल्लन शर्मा रहे। दोनों अतिथियों ने उपस्थित लोगों को योग के विविध आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान की तकनीकों का अभ्यास कराते हुए योग के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला।

धनराज सिंह ने कहा, 'योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आत्मा को जाग्रत करने और राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूती देने का साधन है। हमारा शेष जीवन अब राष्ट्रीय नवनिर्माण योग सेना को समर्पित है।

हम चाहते हैं कि हर युवा, हर नागरिक योग को अपनाकर न केवल अपने शरीर को स्वस्थ बनाए बल्कि राष्ट्र के निर्माण में भी अपनी भूमिका निभाए। योग गुरु झल्लन शर्मा ने कहा, 'योग भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इसे केवल शारीरिक व्यायाम के रूप में न देखें, बल्कि इसे जीवन की संपूर्णता का मार्ग समझें। योग से न केवल बीमारियाँ दूर होती हैं, बल्कि मन और मस्तिष्क में शांति का संचार होता है। आने वाले समय में राष्ट्रीय नवनिर्माण योग सेना पूरे भारत में योग क्रांति का सूत्रपात करेगी।

अध्यक्षता कर रहे आनन्द पटेल दयालु ने अपने उद्बोधन में कहा, 'यदि तन और मन को स्वस्थ रखना है, तो योग को अपनाएं। योग न केवल दवाओं से मुक्ति दिलाता है, बल्कि यह आत्मबल, अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी जन्म देता है। हम चाहते हैं कि गाँव-गाँव, गली-गली में योग की लौ जले, ताकि भारत न केवल राजनीतिक, बल्कि मानसिक और शारीरिक रूप से भी आत्मनिर्भर बने। जब व्यक्ति योग करता है, तो वह अपने भीतर की शक्ति को पहचानता है, और वही शक्ति उसे समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की ओर ले जाती है। उन्होंने आगे कहा, 'हर व्यक्ति अगर 30 मिनट रोज़ योग करे, तो अस्पतालों की लाइनें छोटी हो जाएँगी, मानसिक तनाव कम होगा और समाज में समरसता का विकास होगा। हमें सिर्फ योग करना नहीं है, बल्कि दूसरों को भी योग के लिए प्रेरित करना है। यही सच्ची देशभक्ति है। इस विशेष योग कक्षा में राष्ट्रीय योग सलाहकार लाल बहादुर यादव, जनाब डॉ. जाहिद, जनाब गुलाम, विनोद चौहान, कुमारी महिमा मित्तल, कुमारी अर्पिता पांडे, कुमारी हर्षित पांडे और कुमारी श्रीजी राय जैसे विशिष्ट जनों ने भी भाग लिया और योग के महत्व को गहराई से जाना। यह आयोजन न केवल एक योग सत्र था, बल्कि एक संकल्प था, स्वस्थ भारत, सशक्त भारत की दिशा में।

# मदर्स डे पर खाद्य सामग्री वितरित

*मारवाड़ी युवा मंच सोन महिला शाखा ने खाद्य सामग्री किया वितरण*

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** मारवाड़ी युवा मंच सोन महिला शाखा द्वारा रविवार को मदर्स डे पर गरीब असहाय माताओं को घर की जरूरत का खाद्य सामग्री वितरित किया। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य असहाय माताओं के चेहरे पर खुशी लाना था। मंच की अध्यक्ष रितु जालान ने मदर्स डे के बारे में बताते हुए कहीं कि मां हमारी सबसे पहली गुरु होती हैं मां खुश तो सब खुश। इस अवसर पर प्रतिभा कनोडिया, दीप्ति केडिया, रंजन अग्रवाल, मीरा केडिया, रिंकी जालान, अंशिका झुनझुनवाला एवं सीमा केडिया आद उपस्थित रहीं।

# आप ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर पार्क में चलाया सफाई अभियान

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** आम आदमी पार्टी (आप), ने रविवार को सुबह 9 बजे से बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर रॉबर्ट्सगंज रेलवे फाटक क्रॉसिंग के पास बुद्ध विहार पार्क में सफाई अभियान चलाया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्क में जमा कूड़ा-कचरा साफ किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर, जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा कि भारत बुद्ध की धरती जो शांति, समानता और सद्भाव की संस्कृति को मानती है।

इसकी रक्षा के लिए हम सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार रहते हैं। जिला उपाध्यक्ष राजकुमार मौर्या ने हाथों में झाड़ू और फावड़ा लेकर पार्क के हर कोने को साफ किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पार्क को साफ रखने में सहयोग करें और कचरा इधर-उधर न फेंकें। इस सफाई अभियान में पार्टी के विधान सभा संरक्षक राजेंद्र मौर्या, माइनॉरिटी विंग जिला महा सचिव अनवर अली नगर अध्यक्ष लक्ष्मण मौर्या सहित अन्य कई साथियों ने भाग लिया।

आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह के निर्देश पर हर महीने नियमित रूप से इस तरह के सामाजिक कार्यों का आयोजन होता है और लोगों को स्वच्छता, शिक्षा, और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है।

# कलश शोभायात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का श्रीगणेश

**नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में वृंदावन धाम के भगवताचार्य बद्रीश जी भक्तों को कराएंगे कथा का रसपान**

**तरूणमित्र न्यूज**

**मीरजापुर।** जिले के हलिया विकासखंड के बबुरा रघुनाथ सिंह ग्राम पंचायत के कठारी गांव में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रविवार को कलश यात्रा के साथ श्रीगणेश हुआ। गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकलने के पहले प्रदेश के पूर्व गृह सचिव मणि प्रसाद मिश्र (सेवानिवृत्त आईएएस) ने पत्नी मालती मिश्रा के साथ संकल्प लिया और कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। गाजे बाजे, घंटा घड़ियाल और शंख ध्वनि के साथ कुल गुरू आचार्य संतोष त्रिपाठी, सुदेश त्रिपाठी, सत्यदेव मिश्र, शिवचरण त्रिपाठी की अगुवाई में कलभ जलभरी शोभायात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा कठारी गांव से खुटहा स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सेवटी नदी का जल कलश में भरा। इसके बाद मनकामेश्वर महादेव की यजमान मणि प्रसाद मिश्र ने सपत्नीक पूजा अर्चना की।

इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राधे कृष्ण संकीर्तन से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। कलश जलभरी के बाद श्रद्धालु महिलाएं, स्वजनों, मुख्य यजमान के साथ कथा स्थल पहुंची, जहां विधि विधान से कलश स्थापना की गई। कथा के आयोजक मणि प्रसाद मिश्र ने बताया कि वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास भागवताचार्य बद्रीश जी भक्तों को दोपहर तीन से सायं सात बजे तक भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे, तत्व जान बताएंगे। कथा के तीसरे दिवस मंगलवार की शाम को मुंबई के गायक प्रेम प्रकाश करेंगे सुंदर कांड का सस्वर संगीतमय गायन।

शोभा यात्रा में यजमान मणि प्रसाद मिश्र और उनके बंधु-बांधवों, पुर-परिजनों सहित न्यायाधीश अम्बुज दुबे, पारिजात मिश्र, छोटे सिंह, लल्लू सिंह एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

# एसोसिएशन के लिए संगठन में एकता है जरूरी: जनक सिंह

**एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की गोष्ठी संपन्न**

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स उत्तर प्रदेश की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश सचिव नित्यम विश्वकर्मा ने एसोसिएशन के बारे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों सीएचओ के हितों की रक्षा और उनके कार्य-स्थितियों में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।

संगठन ने अब तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं और भविष्य में भी सीएचओएस के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित है। अब तक की प्रमुख उपलब्धियां-सेंटर टाइमिंग में बदलाव, संगठन के प्रयासों से स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यावधि को सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक से घटाकर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। इससे सीएचओएस को कार्य-जीवन संतुलन में सुधार हुआ। लॉयल्टी बोनस की बहाली, सीएचओएस के लिए बंद किए गए लॉयल्टी बोनस को संगठन के अथक प्रयासों से पुन: लागू करवाया गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को बल मिला। एएमएस के एआई वर्जन को बंद करवाना, एएमएस (अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम) के एआई वर्जन को बंद कराने में संगठन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिससे सीएचओएस के कार्यभार में कमी आई और कार्य प्रक्रिया सरल हुई। भविष्य की योजनाएं प्रदेश महामंत्री जनक सिंह ने कहा हमारी प्राथमिकताएं संगठन ने आगामी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया और निम्नलिखित प्राथमिकताओं को चिह्नित किया, नियमितीकरण को प्राथमिकता, सीएचओएस के नियमितीकरण को संगठन अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानता है। इसके लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी और संबंधित अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

म्युचुअल ट्रांसफर आदेश, यदि 15 मई तक म्युचुअल ट्रांसफर के आदेश जारी नहीं होते, तो प्रदेश नेतृत्व के साथ मिलकर योजना बनाई जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। संगठन का विस्तार, एसीएचओ यूपी जिला इकाई संगठन के विस्तार पर विशेष ध्यान देगी, ताकि अधिक सीएचओएस को संगठन से जोड़ा जा सके और उनकी आवाज को और मजबूती मिले। अन्य मुद्दों पर चर्चा, संगठन ने कार्यस्थल पर सुविधाओं, प्रशिक्षण, और अन्य प्रशासकीय सुधारों जैसे विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया, जिन्हें समयबद्ध तरीके से हल करने का संकल्प लिया गया। प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप राजपूत का संदेश, एसीएचओ यूपी जिला इकाई अपने सभी सदस्यों और हितधारकों से एकजुट रहने और संगठन के प्रयासों में सहयोग करने की अपील करता है।

हमारा लक्ष्य सीएचओएस के अधिकारों की रक्षा करना और उनके कार्य-स्थितियों को बेहतर बनाना है। संगठन प्रशासन और सरकार के साथ सकारात्मक संवाद के माध्यम से सभी मुद्दों का समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में जिला अध्यक्ष युगवीर सिंह, जिला महामंत्री रोहित कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य दीपक चौहान, विनोद कुमार, अतुल कुमार, शैलेश कुमार, संदीप कुमार, महेश कुमार, राजवीर सिंह अनुराधा सिंह, प्रीति यादव एवं अन्य सीएचओ उपस्थित रहे।

# युवा देश की रीढ़ की हड्डी हैं: अताउल अंसारी

**पर्यावरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता के लिए निकाली गई साइकिल यात्रा**

**तरूणमित्र न्यूज**

**भदोही।** भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई। क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी ने कहा कि देश की तरक्की और मजबूती के लिए हमारे देश के युवाओं का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है।

आज के युवा को चाहिए कि अपने अन्य जरूरी कामों के साथ-साथ प्रतिदिन आधे घंटे योग व्यायाम अवश्य करें। आसपास के काम साइकिल से या पैदल करें। जब युवा स्वस्थ रहेंगे तो अपने परिवार समाज और देश की मज़बूती में अहम भूमिका निभा सकते हैं। बीरनई प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुस्ताक अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर पड़ाव, कौलापुर, छतमी, भिखारीपुर, महावीर, किशनदेवपुर, सराय जगदीश, धनीपुर के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए जंगीगंज में इसका समापन हुआ।

साइकिल यात्रा में अजय तिवारी, सरफराज अहमद, प्रवीण टंडन, कमलेश कश्यप, महमूद आलम, अबरार हाशमी, राजीव जायसवाल, प्रमोद मौर्या, फैज आलम, कार्तिक सुनील, लक्ष्य सिंह, अबू हुरैरा, मोहम्मद इमरान, आर्यवीर तिवारी, अदिति तिवारी समेत आदि रहे।

# निर्माण श्रमिकों की बैठक में मजदूर हितों पर हुई पर चर्चा

**तरूणमित्र न्यूज**

**मीरजापुर।** रविवार को सिविल लाइन फतहां स्थित मिर्जापुर असंगठित कामगार यूनियन कार्यालय परिसर में निर्माण श्रमिकों की बैठक सम्पन्न हुई।

आम सभा की आयोजित बैठक की अध्यक्षता यूनियन महामंत्री मंगल तिवारी पत्रकार ने की। शाम साढ़े 4 बजे से प्रारंभ हुई सभा का संचालन गुलाब चंद ने की। बैठक में सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक में उपस्थित निर्माण श्रमिकों ने बारी बारी से अपनी समस्या बताई जिसको गंभीरता से लेते हुए रजिस्टर में नोट किया गया और आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु श्रमिकों को आश्वाशन दिया गया। सभा में मजदूरों ने सबसे पहले कन्या विवाह योजना में आवेदन उपरांत आवेदन फेल होने की बात बताई।

कुछ लोगों ने राशन कार्ड में त्रुटि तो कुछ ने आधार सत्यापन न होने के चलते आवेदन न कर पाने की बात कही। इसी क्रम में कईयों ने मजदूरी बकाया भुगतान कराए को लेकर अनुरोध किया तो एक ने दुर्गापुर के निर्माण श्रमिक (बिजली मिस्त्री) के मृत्यु उपरांत दाखिल वाद के बारे में जानकारी मांगी। चर्चा में निर्माण श्रमिकों के श्रम पंजीयन तथा गैर निर्माण श्रमिकों का ई-श्रम कार्ड बनवाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने मजदूरों के सवालों का जवाब दिया। इस अवसर पर यूनियन जिलाध्यक्ष राजेश दूबे सहित यूनियन के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने साड़ी के सहारे फन्दा लगाकर की जीवन लीला समाप्त

**तरूणमित्र न्यूज**

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र बंजारी कला गांव में बीती रात 28 वर्षीया कुसुम कुमारी पत्नी लवकुश ने कच्चे मकान के रसोईघर के बडेर में साड़ी के फंदे के सहारे फांसी लगा कर जीवन लीला समाप्त कर लिया प्राप्त जानकारी के अनुसार लैना फूलियारी निवासी कुसुम कुमारी की सादी 2022 में बंजारी निवासी लवकुश कुमार से हूई थी बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने कच्चे मकान के रसोई घर के बडेर में साड़ी के फंदे के सहारे फांसी लगा कर जीवन लीला समाप्त कर ली परिजनों के सुचना पर पहुंची ड्रमंडगंज पुलिस ने मृतका के डेट बाड़ी को बडेर से निचे उतार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस और फोरेंसिक टीम छानबीन में जुटी मृतका कुसुम कुमारी का एक ढेड साल का बच्चा भी है वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी अरविंद सरोज ने बताया की महिला ने संधिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली है डेट बाड़ी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है सुचना पर मायका पक्ष भी आ गया है तहरीर मिलेगा तो जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी


## राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर

**आवश्यकता है**

| पदनाम | पदों की संख्या | पुरुष/महिला | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| प्राध्यापक | 03 | पुरुष/महिला | स्नातकोत्तर/नेट/पी-एच.डी. |

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में रिक्त पदों पर इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सादे कागज पर दो प्रतियों में प्राध्यापक पद हेतु **रू0 500.00 ( रू0 पांच सौ मात्र ) का बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य, आर0एस0 के0डी0पी0जी0 कालेज,** जौनपुर के पक्ष में देय एवं समस्त आवश्यक अंकपत्र, प्रमाण-पत्रों की सत्यापित प्रतियों सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें, निर्धारित तिथियों के पश्चात प्राप्त आवेदनों को निरस्त माना जायेगा, जिस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। विषयवार रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है-

| विषय | रिक्त पद |
|---|---|
| एम0एड | 02 पद |
| राजनीति विज्ञान | 01 पद |

नोट- पूर्व में किया गया विज्ञापन अमान्य समझा जाय।

**डॉ0 सत्यराम प्रजापति**
प्रबन्धक
राजा श्री कृष्ण दत्त डिग्री कालेज
जौनपुर

**प्रो0 (डॉ0) शम्भू राम**
प्राचार्य
राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, जौनपुर

# दबंगों ने घर में घुसकर मां, बेटी व बेटों को पीटा

## घर में तोड़फोड़ लूटपाट करने का आरोप, पांच घायल

**जौनपुर।** जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के हरबसपुर छूल्हा गांव में दबंगों ने रविवार की भोर में घर में घुसकर लाठी डंडों से मां बेटी और दो बेटों को समेत पांच लोगों को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि महिला के शरीर से जेवर नोच लिए घर में तोड़फोड़ की और घर में रखा बॉक्स, अटैची सब बाहर फेंक दिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बता दें कि हरबसपुर छूल्हा गांव में विश्वास मिश्रा का परिवार पुश्तैनी मकान में रहता है। विश्वास मिश्रा बाहर ड्यूटी पर गए हुए थे। दबंगों ने पहले तो शनिवार की रात पूनम मिश्रा को जान से मारने की धमकी दी, लेकिन वह दरवाजा बंद कर भीतर बन्द हो गई। आधा दर्जन की संख्या मे एकजुट होकर दबंगों ने रविवार की सुबह घर पर हमला कर दिया। घर में घुसकर लाठी डंडे ईंट से पुनम और उनके बच्चों बेटी को मारना शुरू कर दिया। बचाव परिवार में इधर-उधर चिल्लाने भागने लगी। लेकिन दबंगों ने घर में घेर कर पीटा और इसके बाद करकट दरवाजे दीवाल तोड़ दिए।

घर के अंदर रखे सभी बक्से अटैची बर्तन सब बाहर फेंक दिए और इस दौरान घायल पूनम ने आरोप लगाया की चेन अंगूठी पायल और कान की बाली भी छीन लिए। दबंगों ने जान मारने की धमकी देते हुए कहा कि पुलिस में शिकायत करोगी तो जान से मार देंगे। इसके पूर्व में मारने पीटने को लेकर पूनम मिश्रा ने पुलिस विभाग में शिकायत की थी। जिसके कारण दबंगों ने घटना को अंजाम दिया। दबंग के हमले में 44 वर्षीय पूनम, 13 वर्षीय बेटी सृष्टि 20 वर्षीय बेटा श्रेयस, 17 वर्षीय बेटा श्रुअस और 42 वर्षीय विवेकानंद घायल हुआ। मौके पर वह 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। उधर सूचना पाकर ड्यूटी से विश्वास मिश्रा घर पहुंच गए और सृष्टि गंभीर रूप से घायल लोग थी। जिसे उपचार के लिए वह अस्पताल ले गए। घटना से परिवार दहशत में है।

पीड़िता का पति विश्वास मिश्रा का आरोप है कि यह लोग आए दिन हमारा पुश्तैनी मकान आवादी की जमीन हड़पने के चक्कर में मारते पीटते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरायख्वाजा पुलिस भी सुनवाई नहीं करती है। इसके पहले चार दिन पूर्व भी मारे थे। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन पुलिस ने कोई करवाई नहीं की थी। इससे खुन्नस खाए हुए मनबढ़ों ने दोबारा घटना को अंजाम दिए।

# राजेशराज गुप्ता बने लायन्स क्लब मेन के अध्यक्ष

**जौनपुर।** राजेशराज गुप्ता लायन्स क्लब मेन के 41वें अध्यक्ष चुने गये। लायन्स क्लब मेन की चुनावी सभा संस्थाध्यक्ष संजय केडिया की अध्यक्षता में शनिवार रात्रि एक होटल में आयोजित हुई। जिसमें अगले सत्र 2025-26 के लिए नये पदाधिकारियों का चयन सर्व सहमति से किया गया।

चुनाव अधिकारी पूर्व अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी ने राजेशराज गुप्ता को अध्यक्ष, लखन श्रीवास्तव, डा. अजीत कपूर व अनिल गुप्ता को उपाध्यक्ष, योगेश साहू सचिव व रंजीत सिंह को कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा किया। सदस्यों ने निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला से स्वागत करते हुए बधाई दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेशराज गुप्ता ने कहा कि लायन्स क्लब मेन का अध्यक्ष बनना अपने आप में एक गर्व की बात है, इसके लिए उन्होंने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं संस्था के उद्देश्यों पर चलते हुए अधिक से अधिक सेवा कार्य करने का प्रयास करूंगा। विशेषकर कुछ बड़े व स्थाई सेवा परियोजना शुरू करने का प्रयास करूंगा जिससे समाज के गरीब व बेसहारा लोगों की मदद हो सके। इस अवसर पर डा. क्षितिज शर्मा जीएटी एरिया लीडर ने नव निर्वाचित टीम को बधाई देते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में लायन्स क्लब मेन जनपद की अग्रणी संस्था होने के साथ ही ये क्लब मंडल व राष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखता है। वरिष्ठ चिकित्सक डा. वीएस उपाध्याय ने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे आशा व विश्वास है कि राजेशराज गुप्ता के नेतृत्व में लायन्स क्लब नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। संयोजक राजीव श्रीवास्तव रितेश साहू, रंजीत सिंह व योगेश साहू ने आभार व्यक्त किया व संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा टीवी मुक्त भारत अभियान के मंडल चेयरमैन ने किया। इस अवसर पर डा. मदन मोहन वर्मा, सोमेश्वर केसरवानी, शकील अहमद, गोपीचंद साहू, संजय श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, मदन गोपाल गुप्ता, आर पी सिंह, नरेश सेठ, परमजीत सिंह, संजय सिंघानिया, अनिल वर्मा, रविन्द्र कौर, कविता वर्मा, नीरज शाह, सुशील अग्रहरी, वीरेन्द्र मौर्य, रविन्द्र कालरा, कल्पना सिंघानिया, डा. श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अलीगंज मोहल्ले में मारपीट के मुकदमे में हाजिर न होने के चलते पिता व दो पुत्रों को पुलिस ने न्यायालय की अवहेलना के मामले में गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। मालूम हो कि नगर के पुरानी बाजार के अलीगंज मोहल्ला निवासी अरूण कुमार, अमर कुमार पुत्रगण बसन्तू गौतम व बसन्तू गौतम पुत्र किशोरी गौतम को रविवार की सुबह मिली सूचना पर गिरफ्तार किया गया। कोतवाली निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने हमराहियों के साथ घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया। उक्त आरोपित न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर नहीं हो रहें थे। लिहाजा न्यायालय के आदेश पर तीनों पिता पुत्र को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया गया।

# किशोरी को भगाने वाला युवक गिरफ्तार, किशोरी बरामद

पुलिस हिरासत में किशोरी को भगाने वाला युवक।

**जौनपुर।** जिले के जफराबाद थाना पुलिस ने क्षेत्र के टोलप्लाजा मोड़ के पास रविवार की भोर में एक गांव की किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले 19 वर्षीय युवक को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। भगा ले गया। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया था कि शनिवार की भोर में उसकी बेटी को जलालपुर थाना क्षेत्र गोपालपुर गांव निवासी गौरव कुमार बहला फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन किया गया लेकिन उसके दोस्तों से पता चला कि मेरी बेटी को गौरव भाग ले गया है। मुझे डर है कि कहीं बेटी को वह बेच न दे। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरू कर दी गई थी। कई स्थानों पर दबिश दी गई लेकिन नहीं मिला। आखिरकार मुखबिर की सूचना पर उसे एक चिन्हित स्थान से किशोरी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में आरोपी का चालान न्यायालय भेज दिया गया है। उसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। किशोरी का मेडिकल कराया जा रहा है।

# वरिष्ठ साहित्यकार डा. पीसी विश्वकर्मा नहीं रहे


फाईल फोटो

**जौनपुर।** मोहब्बत दिल में पैदा कर लिया क्या। किसी का दर्द अपना कर लिया क्या। ऐसी ही अनेक कालजयी रचनाओं के रचनाकार डा. पीसी विश्वकर्मा साहित्यिक संस्था कोशिश के संरक्षक, वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्वांचल विश्व विद्यालय के पूर्व डीन, तिलक धारी महाविद्यालय में विधि विभाग के व्याख्याता हमारे बीच नहीं रहे। उनके निधन से पूरा जनपद शोकाकुल हो उठा। संस्था कोशिश के सभी साहित्यकार व जनपद के तमाम गणमान्य लोग उनके आवास पर पहुंच कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किए। श्रद्धांजलि देने वालों में कोशिश संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रो. आर एन सिंह, राम जीत मिश्रा, अशोक मिश्रा, अनिल उपाध्याय, संजय सिंह, राजेश पान्डेय, मोनिस जौनपुरी, अंसार जौनपुरी, गिरीश कुमार श्रीवास्तव, प्रख्यात समाजसेवी डा. विमला सिंह, फूल चन्द भारती, इन्द्र भुवन सिंह, लोलाक दूवे, राम कृष्ण त्रिपाठी एवं शहर के तमाम संभ्रान्त नागरिकों ने विश्वकर्मा को भावभिनी श्रद्धांजलि भीगी आंखों से अर्पित किया। डाक्टर पीसी विश्वकर्मा पूर्वांचल के वरिष्ठ साहित्यकार थे उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित व पुरस्कृत हो चुकी है। डा. पीसी विश्वकर्मा के निधन से साहित्य जगत व समाज की अपूर्णीय क्षति हुई है हम उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। सुहाना दिन सुहानी रात अब नहीं होगी।। ग़ैर मुमकिन है उनसे बात अब नहीं होगी।। आखें तरसेंगी दीदार कर नहीं सकते- आज के बाद मुलाकात अब नहीं होगी।

## नये पदाधिकारियों का हुआ चुनाव

**जौनपुर।** परिवर्तन समाज पार्टी में विस्तार करते हुए कुछ नए पदाधिकारी का चुनाव किया गया है। ननकऊ साहू प्रबंधक इंटर कॉलेज गड़रिया को प्रदेश का संरक्षक बनाया गया। इसके बाद समाज के वरिष्ठ समाजसेवी मोती लाल साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष, डा. संतोष साहू को प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं प्रदीप त्यागी मोदनवाल को प्रदेश सचिव बनाया गया। गौराबादशाहपुर निवासी नवीन चंद्र साहू, मछलीशहर निवासी रतन लाल गुप्ता, एवं सराय त्रिलोकी बदलापुर निवासी अजय गुप्ता को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बनाया गया। इसके पश्चात लंभुआ निवासी अमन गुप्ता को जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर, नन्हे लाल यादव को उपाध्यक्ष एवं विनीत साहू को जिला महासचिव सुल्तानपुर बनाया गया। अंत में अंबेडकरनगर से राजमणि वर्मा को जिला अध्यक्ष अंबेडकरनगर एवं विजय साहू को महासचिव विधानसभा बदलापुर बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र 14 मई को बगौझर निवासी रामनाथ साहू के यहां कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जहां मुख्य अतिथि कृष्णा कुमार साहू राष्ट्रीय महासचिव के हाथ से दिया जाएगा। अंत में नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई देते हुए प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू ने उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## हैण्डपम्प का हलक खुद सूखा तो कैसे बुझेगी प्यास

**जौनपुर।** रामपुर क्षेत्र के रामपुर बाजार नहर से सटे रामपुर से कोटिगांव होते हुए कसेरू चौराहा जाने वाले मार्ग पर बौरिया नहर पुलिया के पास सोरहा मोड़ पर लगा हैण्डपंप कई महीनों से खराब पड़ा है। सोरहा मोड़ लगे इस हैण्डपंप का हलक खुद सूख रहा तो कैसे बुझेगी... स्कूली बच्चों और राहगीरों की प्यास। बता दें कि मई माह में लोगों को भीषण गर्मी खूब सता रही है। यहां पर पहले प्यास से व्याकुल लोग हैंडपंप से ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझा लेते थे लेकिन आमजन को पेयजल आपूर्ति के लगाया गया हैंडपंप खराब पड़ा है जिसके कारण क्षेत्र के कई गांवों के रामपुर पढ़ने वाले स्कूली बच्चों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस हैंडपंप को रिबोर कराने की जरूरत है लेकिन कई महीनों से इसे ठीक नहीं कराया गया। गौरतलब हो कि रामपुर से इस तरफ जनप्रतिनिधि एवं जिम्मेदार लोग यहां से अपनी लक्जरी गाड़ियों से गुजरते हैं लेकिन इस पर ध्यान नहीं देते। अगर जनप्रतिनिधि और इससे जुड़े जिम्मेदार लोग इस पर ध्यान दे देते तो यह बन जाती और इस भीषण गर्मी में यहां से गुजरने वाले स्कूली बच्चों और राहगीरों को पानी की समस्या से निजात मिल जाती।

## ट्रेन पटरी पर कूदी महिला को सिपाही ने बचाया

**जौनपुर।** विवाहिता पति और उसके व्यवहार से इस कदर तंग हो गयी की उसने आत्म हत्या जैसा कठोर कदम उठाने का निर्णय कर लिया। और ट्रेन के सामने कुदकर हत्या का प्रयास किया लेकिन महिला सिपाही ने उसकी जान को बचा लिया। जानकारी के अनुसार खुटहन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी लगभग 24 वर्षीय खुशबू नामक महिला की शादी बीते जनवरी माह में सरपतहां थाना क्षेत्र के दीपचंद के साथ हुई थी। आरोप है समय बीतने के साथ पता चला की लड़के की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इन्ही सब बातों को लेकर दोनों में रोज कलह होने लगी। खुशबू के अनुसार उसका पति उसे प्रताड़ित भी करता था। और तरह तरह से उत्पीड़न कर रहा था। जिसकी शिकायत उसने सरपतहां थाने में की थी मगर कोई कार्यवाई नही हुई। आये दिन पति की प्रताणना से तंग आकर खुशबू ने रविवार की सुबह जान देने की नीयत से शाहगंज रेलवे स्टेशन पहुंची और ट्रेन की पटरी पर कूद गई। मगर किसी महिला सिपाही ने उसे देख लिया और अपनी सूझ बूझ से उसकी जान बचा ली। मगर इतने में उसके सर में गम्भीर चोटे आई। घायल अवस्था किसी तरह उसको एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद उसे कोतवाली लाया गया। जहां कोतवाली पुलिस उसे समझा बुझाकर किसी तरीके से आगे भविष्य में आत्महत्या जैसा कोई कदम न उठाने के लिए मनाया।

# देश के सर्वांगीण विकास के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव अत्यंत आवश्यक : राज्यमंत्री

**जौनपुर।** सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मरदानपुर स्थित अपने कार्यालय पर समसामयिक विषय एक राष्ट्र, एक चुनाव पर संगोष्ठी तथा विगत एक माह से महिलाओं एवं युवतियों के लिए चल रहे मेहंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया, जिसमें प्रशिक्षुओं को पुरस्कार एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरीश चंद यादव, विशिष्ट अतिथि सुषमा पटेल, संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, प्रशिक्षिका अंजलि प्रजापति, जिला बाल्य कार्य प्रमुख नारायण दास, सरकार भारती जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह रिंकू, भाजपा नेता अमित श्रीवास्तव सहित सखी वेलफेयर फाउंडेशन टीम ने मां भारती के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि देश के सर्वांगीण विकास के लिए चाहे सामाजिक क्षेत्र हो या आर्थिक

राज्यमंत्री को सम्मानित करती महिलाएं।

विकास हो, संसाधनों के अपवंचन से बचने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा को देश में लागू करना अत्यंत आवश्यक है, इससे भारत के जीडीपी में अभूतपूर्व वृद्धि होगी तथा देश और मजबूती से विश्व पटल पर अग्रसर होगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुषमा पटेल ने कहा कि देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए तथा संसाधनों की बचत करने की दृष्टि से एक राष्ट्र एक चुनाव अत्यंत जरूरी है, इससे महिलाओं की राजनीति में भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किये जा रहे कार्यों की सराहना की। संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा नारी सशक्तिकरण एवं स्वालंबन हेतु किया जा रहे कार्यों में समर्थन देने हेतु मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव, शीला राय एवं पिंकी जायसवाल ने भी एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर दीपा गुप्ता, श्रद्धा उपाध्याय, रेनू गुप्ता तथा वंदना साहू ने सखी वेलफेयर फाउंडेशन की सदस्यता ग्रहण की जिन्हें मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने अंग वस्त्रम से सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन महासचिव अर्चना सिंह ने किया। इस अवसर पर ब्रह्मेश शुक्ल, संतोष त्रिपाठी, दयाशंकर निगम, पोशकी साहू, राखी सिंह, संतोष गुप्ता, क्रीड़ा भारती एवं सेवा भारती के सम्मानित लोग, रजनी साहू, अंजु जायसवाल, चेतना साहू, रूपम शुक्ला, दिव्य साहू, शशि मिश्रा, सरिता निगम, मीनू बरनवाल, आरती सिंह, विभा साहू, शकुंतला मौर्य, सुजाता जायसवाल, संचिता बैंकर, साधना साहू, गीता निषाद, रेनू बैंकर, बबीता निषाद, शकुंतला बैंकर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# देश की भावनाओं के साथ राजनेता कर रहे खिलवाड़

**चंदवक।** कश्मीर के पहलगाम में 27 टूरिस्ट की निर्मम हत्या को लेकर जिस तरह से भारत सरकार ने अपनी मंशा जाहिर की थी उससे भारतीयों में एक उम्मीद जगी थी कि भारत इसका बदला लेगा, लगभग 15 दिन बाद विश्व की मानसिकता व भारतीयों की इच्छा को देखते हुए भारत सरकार ने आतंकी शिविरों को निशाना बनाया।

जिसमें कई आतंकी मारे भी गए, आतंकियों को मरता देख, पाकिस्तान ने ड्रोन व मिसाइल के साथ हैवी हथियारों से, कश्मीर से लेकर गुजरात तक के बॉर्डर एरिया को टारगेट किया। जिसको भारतीय सेनाओं ने विफल करते हुए आक्रमण की नीति अपनाकर पाकिस्तान के कई मिलिट्री बेस को टारगेट कर तबाह कर दिया। पाकिस्तानियों को यह डर सताने लगा कि अब पाकिस्तान का बचना नामुमकिन है तो इन्होंने चीज फायर के लिए विश्व की तरफ दौड़ लगा दी, पूरे विश्व में केवल अमेरिका, रूस, चीन ही ऐसे देश है। जिनकी कुछ बातें कुछ देश मानते हैं, जहां चीन पाकिस्तान को समर्थन दे रहा था। वही रसिया भारत के पक्ष में खड़ा था, पद्मवार, वार के रूप में बढ़ता जा रहा था देशवासियों कों यह उम्मीद थी कि इस बार पीओ के या बलूचिस्तान को भारत पाकिस्तान से अलग कराकर ही मानेगा। परंतु सरकार के एकाएक चीज फायर की घोषणा से देशवासियों को आश्चर्य में डाल दिया। देशवासी यह जानना चाहते हैं, इतना कुछ होने के बावजूद भारत को हासिल क्या हुआ। इस सीज फायर पर भारतीय सरकार से यह सवाल पूछ रहे है, कि जब सम्पूर्ण देश आपके समर्थन में था तों सीज फायर मानने का औचित्य क्या।

# थाना परिसर में पिता के सामने बेटियों को दी अश्लील गालियां

## रिश्वत के हवस की भूखी पुलिस की इस हरकत की समाज में हो रही निंदा

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की हर बेटियों की सुरक्षा के लिए पुलिस को निरंतर खड़े रहने के दावे करते हैं लेकिन जौनपुर के जलालपुर के पुलिस एकदम इसके उलट काम कर रही है। रिश्वत की भूखी यहां की पुलिस ने एक पीड़ित पिता को न्याय दिलाने के नाम पर थाना परिसर में सरेआम भद्दी-भद्दी गालियां देकर बेइज्जत किया।

फिर भी उसका दिल नहीं भरा तो मारपीट की झूठी कहानी गढ़ के बेटियों का ही फर्जी चालान कर दिया। प्रकरण जब पुलिस के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आया तो खासा तूल पकड़ने के बाद पुलिस को फटकार लगी लेकिन उन बेटियों को आखिर न्याय कैसे मिलेगा, जिन्हें थाने परिसर में सरेआम बेइज्जत किया गया। आरोप है कि कूड़ा रखने के विवाद में पुलिस ने विपक्षियों से मिलीभगत कर थाने के सामने एक झूठी मारपीट की घटना दर्शाते हुए एक पक्षीय कार्रवाई की और पिता समेत दो बेटियों का शांतिभंग में चालान कर दिया। इतना ही नहीं पुलिस ने इन सभी के विरुद्ध मारपीट का केस भी दर्ज कर दिया है। पीड़ित द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई गई है घटना जलालपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की है। आरोप है कि विजय प्रताप के घर के सामने चारा मशीन के पास उनके पड़ोसी ने गंदगी फैलाने की नीयत से कूड़ा फेंक दिया। जब विजय प्रताप और उनके परिवार ने कूड़े को हटाने के लिए सफाई का प्रयास किया तो पड़ोसी बिना वजह जबरिया विवाद कर लिए। जो हाथापाई तक पहुंच गया। पीड़ित की सूचना पर मौके पर पहुंची यूपी डायल 112 पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि थाने पहुंचते ही मामला उल्टा हो गया। मेरे दरवाजे पर यूपी 112 की पुलिस जो विपक्षी को खुद गुनहगार और गलत बता रही थी।

वही पुलिस विपक्षियों से लंबी सौदेबाजी करके जलालपुर थाने के एक दरोगा और सिपाहियों की मिली भगत से हम लोगों को थाना परिसर में सरेआम भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लॉकअप में बंद करने की धमकी दी। जब हम लोगों ने दरोगा जी से गाली न देने और विपक्षी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही तो वह आग बबूला हो गए। पिता विजय प्रताप समेत उनकी दोनों दो बेटियों को घंटों थाने में बैठाए रखा। बाद में मेरे कुछ रिश्तेदारों ने पुलिस उच्च अधिकारियों से शिकायत किया तब दरोगा ने उल्टी एक और नई झूठी कहानी गढ़ दी। इस नई झूठी कहानी में दरोगा ने आरोप लगाया कि देर शाम को पुलिस थाने के सामने ही कथित मारपीट की झूठी कहानी बनाकर तीनों का चालान कर दिया।

जबकि इस पूरे मामले में जब पीड़ित परिवार थाने परिसर में बैठा था पीड़ित का विपक्षी अपने कुछ लोगों को लेकर थाने परिसर में पहुंचा और पुलिस के सामने ही विजय प्रताप हुआ उसकी भेज दोनों बेटियों को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अभी तो सिर्फ है थाने पर बंद कर आए हैं अगली बार जरूरत पड़ी तो सीधे जेल भिजवाएंगे थाने परिसर में इस तरह की ब्लाउज धमकी से पीड़ित परिवार पूरी तरह से भयभीत हो गया।

### ◆ क्या न्याय के लिए हर व्यक्ति को मुख्यमंत्री से करनी होगी शिकायत

**जौनपुर।** पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए दरोगा और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलवाकर जांच कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग की जा रही है। मामला सामने आने के बाद जलालपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं और पुलिस की चौतरफा किरकिरी हो रही है। ऐसे में सवाल उठता है क्या अब हर व्यक्ति को सीधे मुख्यमंत्री से ही अपील करनी होगी। आखिर जिले की पुलिस कब बेटियों को न्याय दिलाएगी।

### ◆ पुलिस की हो रही निंदा

**जौनपुर।** एक सीधे-साधे गरीब परिवार के मुखिया और उसकी दो बेटियों को थाना परिसर में बंद करके थाने के दरोगा और सिपाहियों द्वारा सरेआम अश्लील गालियां देने व पुलिस के सामने ही विपक्षी द्वारा जान से मारने की धमकी देने के बाद पुलिस द्वारा उल्टे पीड़ित परिवार के खिलाफ फर्जी कहानी गढ़ के चालान करने के मामले को लेकर जिले का प्रबुद्ध वर्ग खासा नाराज है। सामाजिक मामलों को लेकर हमेशा संघर्ष करने वाले दीवानी न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता जयप्रकाश सिंह कामरेड ने कहा वह इस मामले को लेकर एडीजी जोन वाराणसी से जल्द मिलेंगे और दोषी दरोगा और पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएंगे।

# चलती ट्रेन से दर्शनार्थी महिला का पर्स छीनकर भागा बदमाश

## □ चेन पुलिंग कर आरपीएफ ने एक को किया गिरफ्तार, दो फरार

**जौनपुर।** अयोध्या से बाबा विश्वनाथ धाम दर्शन के लिए जा रहे एक दर्शनार्थ दंपती का बदमाशों ने चलती ट्रेन में हजारों रुपए के सामान समेत पर्स छीन लिए। जौनपुर वाराणसी रेल मार्ग पर नाथुपुर गांव के पास रविवार की भोर में चलती ट्रेन में यह घटना हुई। आरपीएफ के जवान व रेलवे के एक पॉइंट मैन ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक लिया और हल्की मारपीट के बाद एक बदमाश को दबोच लिया। जबकि दो बदमाश भाग निकले। बदमाश को पकड़ने में आरपीएफ का जवान व एक रेलवे का पॉइंट मैन घायल भी हो गए। कर्नाटक के नवलकुंद थाना क्षेत्र के तिरलापुर गांव निवासी वेंकटेश रेड्डी अपनी पत्नी रत्ना रेड्डी के साथ अयोध्या से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामजी का दर्शन पूजन करने आये थे। दर्शन करने के बाद रविवार की रात यह दम्पती लखनऊ से छपरा जाने वाली 15054 लखनऊ छपरा एक्सप्रेस पर सवार हो गए। बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए धार्मिक नगरी वाराणसी जा रहे थे। ट्रेन जैसे ही जफराबाद स्टेशन के नजदीक नाथूपुर गांव के पास पहुंची। ट्रेन की रफ्तार थोड़ी कम हुई थी। उसी समय वेंकटेश रेड्डी अपनी पत्नी के साथ बाथरूम आये थे। उनकी पत्नी बाथरूम के बाहर खड़ी थी।

तभी एक बदमाश ऊक्त दर्शनार्थी महिला का पर्स लेकर चलती ट्रेन से कूद गया। महिला जोर जोर से शोर मचाने लगी। इस दौरान ट्रेन में सवार अन्य लोगों ने चैन पुलिंग कर दिया। पर्स में महिला के दो मोबाइल फोन, ईयर फोन, एक नवरत्न की अंगूठी, आधार, पैन, एटीएम कार्ड व एक हजार रुपये थे। ट्रेन चार बजकर 50 मिनट पर जफराबाद स्टेशन और आकर रुक गयी। दम्पती ट्रेन से उतर गए। चैन पुलिंग होते ही मौके पर आरपीएफ के जवान उमाशंकर भाग कर दर्शनार्थी महिला के पास पहुंच गए। घटना की जानकारी होते ही वे तत्काल बदमाश जिस तरफ भागे थे। उधर दौड़ कर जाने लगें। उनके साथ वहां काम कर रहे पॉइंट मैन फकरे आलम भी दौड़ पड़े। दोनों ने एक बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया। बदमाश ने दोनों पर हमला कर दिया। दोनों के सिर हाथ व चेहरे पर चोट भी आयी।। उसके बाद भी दोनों ने एक बदमाश को पकड़ लिया।। उसके बाद यूपी डायल 112 पर फोन करके पुलिस को बुलाया। पुलिस व आरपीएफ के जवान सहित जफराबाद थाने पर आये। वहां पीड़ित दम्पती भी ट्रेन छोड़कर आ गए। पुलिस बल की मौजूदगी में आरपीएफ के जवान ने बताया कि बदमाश के पास चार मोबाइल फोन, दो सोने की चैन, ईयर फोन अन्य सभी सामान तलाशी के दौरान बरामद कर लिया गया। जफराबाद थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि घटना में पकड़ा गया बदमाश लाल मोहम्मद पुत्र आदिल निवासी नेवादा थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ का है।

पति के साथ पीड़ित महिला।

### ◂ राम मंदिर उद्घाटन के बाद लुटेरों का बढ़ गया आतंक

**जौनपुर।** अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम मंदिर के उद्घाटन और काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए उमड़ रहे लाखों यात्रियों से जहां धार्मिक नगरी की आस्था का प्रचार प्रसार विश्व स्तर पर हुआ है। वही ट्रेन में दर्शनार्थियों को अपना शिकार बनाने वाले लुटेरों, उचक्कों के लिए लाखों का धंधा भी बढ़ गया है। यह बात थोड़ा हैरत भरी जरूर है लेकिन जौनपुर पुलिस के हाथ लगे प्रतापगढ़ के कुख्यात अपराधी लाल मोहम्मद ने ऐसा ही बयान दिया है। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि मुस्लिम वर्ग से जुड़े पश्चिम बंगाल, कोलकाता, आसनसोल और पूर्वांचल के कुशीनगर, देवरिया, जौनपुर, आजमगढ़ के कुछ खास इलाकों से 50 से अधिक लुटेरे एक्सप्रेस ट्रेनों में दर्शनार्थियों को अपना शिकार बनाने के लिए बड़े गिरोह के साथ जुड़कर काम कर रहे हैं।

### ◂ दर्जन भर घटनाओं में रहा शामिल

**जफराबाद।** चलती ट्रेन में दर्शनार्थियों का लाखों रुपए का सामान, मोबाइल पर हाथ मारने वाला गिरफ्तार बदमाश लाल मोहम्मद कोई मामूली उचक्का नहीं है। यह प्रदेश का नामी गिरामी कुख्यात अपराधी लाल मोहम्मद है। जफराबाद थानाध्यक्ष जयप्रकाश यादव बताते हैं कि प्रतापगढ़ जिले के पट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेवादा गांव निवासी आदिल का पुत्र लाल मोहम्मद ट्रेन में बड़ी-बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुका है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसके निशाने पर दर्शनार्थी ही खासतौर पर रहते हैं।

# पेपर लीक पर एनएसयूआई ने उठाई आवाज, होगा जन आंदोलन

**जौनपुर।** बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था में गड़बड़ियों को लेकर छात्रों में बढ़ते आक्रोश को लेकर रविवार को एनएसयूआई ने सुक्खीपुर कैम कार्यालय पर कार्यकर्ता बैठक आयोजित की। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पांडेय ने कहा कि आज देश का छात्र बेरोजगारी और शिक्षा तंत्र की खामियों से जूझ रहा है। पेपर लीक जैसी घटनाएं छात्रों की मेहनत पर पानी फेर रही हैं, और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जब छात्र अपने हक की आवाज उठाते हैं तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं। आए दिन किसी न किसी छात्र द्वारा आत्महत्या की खबर आ रही है, जो चिंता का विषय है। सत्ता के संरक्षण में नकल माफिया लगातार छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। लेकिन एनएसयूआई छात्रों के साथ हर मोर्चे पर मजबूती से खड़ी है और उनकी आवाज को दबने नहीं देगी। जिला अध्यक्ष यशस्वी सिंह ने कहा कि संगठन को कॉलेज यूनिट स्तर तक मजबूत किया गया है और कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ते हुए छात्र जौनपुर ही नहीं बल्कि पूरे देश में संगठन का झंडा बुलंद कर रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि जौनपुर में जल्द ही छात्रों के मुद्दों पर एक जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप पाल, आदर्श भदौरिया, सुमित तिवारी, शुभम मिश्रा, अजय बागी, सौरभ सिंह, पंचराज पटेल, चंद्रशेखर यादव, सूरज उपाध्याय, रोशन सिंह, कार्तिकेय सिंह, सत्यम श्रीवास्तव, प्रभात सिंह, अमन यादव, शिवम् गुप्ता, रोशन सेठ समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। आप चाहें तो मैं इस समाचार के लिए एक पोस्टर या सोशल मीडिया कैप्शन भी तैयार कर सकता हूं, बताइए।

## प्रतिकर भुगतान के संदर्भ में एडीएम ने किसानों संग की बैठक

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव में रविवार को एडीएम भू-राजस्व ने किसानों के साथ प्रतिकर भुगतान के संदर्भ में बैठक किया। स्थानीय थाना क्षेत्र के लपरी गांव में रविवार को दोपहर में एडीएम भू राजस्व अजय अम्बष्ट ने राजस्व टीम के साथ पहुंचकर पड़ी हुई आपत्तियों का सुनवाई करके मौके पर निस्तारण किया। साथ ही प्रतिकर भुगतान को देने के लिए किसानों को अवगत भी कराया। इस मौके पर एडीएम ने कहा कि बहुत जल्द गाईड लाइन का पालन करते हुए सम्बंधित किसानों को प्रतिकर भुगतान कर दिया जाएगा। एडीएम भू राजस्व ने बताया कि बैठक में किसानों के साथ बैठकर आपत्तियों की सुनवाई की गई जिसमें मौके पर 14 पड़ी हुई आपत्तियों की सुनवाई की गयी। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब गोमती ने प्रमुख स्थानों पर लगवाया प्याऊ

**जौनपुर।** इस भीषण गर्मी में राहगीरों एवं आम जनमानस को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से लायंस क्लब गोमती द्वारा नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में विभिन्न प्रमुख एवं व्यस्ततम स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गयी है। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में प्याऊ का उद्घाटन नगर पंचायत सीतामनी सोनकर के पति दिनेश सोनकर एवं अधिशासी अधिकारी शशिकांत तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया। अधिशासी अधिकारी शशिकांत तिवारी ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। डा. क्षितिज शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। इसके लिए संस्था के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। मनीष गुप्ता ने कहा कि इस तरह जगह-जगह प्याऊ लगवाने से राहगीरों को राहत मिलेगी। अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सभी का स्वागत एवं अभिवादन करते हुए बताया कि इन सभी प्याऊ पर पूरे गर्मी भर निरंतर राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध रहेगा तथा संस्था द्वारा जल्द ही शहर के अन्य स्थानों पर भी इस तरह प्याऊ की स्थापना की जाएगी।

प्याऊ शुभारंभ के अवसर पर गोपाल जी हरलालका, धनंजय पाठक, अनिल अग्रहरि, प्रतिमा गुप्ता, डा. राजेश मौर्या, नवीन मिश्रा, गौरव श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, दिनेश जायसवाल, डा. शालिनी गुप्ता, हरेंद्र बिंद (बड़े बाबू) सभासद अतिक अहमद, कमलेश प्रधानाचार्य, धर्मेंद्र जायसवाल, अजीत सोनकर, सभापति, पप्पू चौरसिया, अमित प्रजापति, अकील अहमद आदि सदस्य एवं संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

## निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** विकलांग पुनर्वास केन्द्र लाइन बाजार में एक शोकसभा पं. रामकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें तिलकधारी महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक एवं उर्दू के कवि डा. प्रेमचन्द्र विश्वकर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित लोगों ने दो मिनट मौन धारण करके दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। उक्त अवसर पर राजेन्द्र सिंह, दयाशंकर सिंह, शाईन, विद्या देवी, डा. संध्या, राजन पाल, बेहोश जौनपुरी आदि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि डा. विश्वकर्मा का रविवार को सुबह पांच बजे निधन हो गया। वे पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी पुस्तक लफ्ज-लफ्ज आईना उर्दू साहित्य में मील का पत्थर मानी जाती है। इसके अलावा उन्होंने हिंदी में विधि की पुस्तक लिखी जिसे उ.प्र. हिंदी साहित्य संस्थान द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

# पीड़ित मानवता के लिए आशा की किरण होती हैं नर्स : डा. एचडी सिंह

**जौनपुर।** सेवा, समर्पण और संस्कार की त्रिवेणी पर रविवार को कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग, में एक अत्यंत पावन और प्रेरणादायक आयोजन सम्पन्न हुआ। जीएनएम व एएनएम प्रथम वर्ष के नवागंतुक छात्र-छात्राओं ने नर्सिंग सेवा में प्रवेश करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ जीवन भर मानवता की सेवा का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण समारोह में डा. मधु शारदा ने विद्यार्थियों को सेवा, करुणा और दया के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

इस विशेष अवसर पर संस्थान के संस्थापक डा. हरेंद्र देव सिंह ने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में सेवा, अनुशासन और करुणा को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, एक नर्स केवल एक पेशेवर नहीं, बल्कि पीड़ित मानवता के लिए एक आशा की किरण होती है। अपने कार्य को केवल नौकरी नहीं, बल्कि एक मिशन के रूप में स्वीकार करें। उनके शब्दों ने छात्रों में आत्मबल और समर्पण की भावना का संचार किया। कार्यक्रम को और भी भावपूर्ण बना दिया। मातृदिवस के आयोजन ने, जहां विद्यार्थियों ने अपनी माताओं का पूजन कर उन्हें सम्मान अर्पित किया-यह एक ऐसा दृश्य था जो हर दिल को छू गया।

कार्यक्रम की गरिमा में चार चांद लगाए संयुक्त निदेशक श्रीमती सुमन सिंह, डा. रॉबिन सिंह, श्रीमती अपूर्वा सिंह, प्राचार्या सभ्यता दुबे और समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ की प्रेरणादायक उपस्थिति ने यह दिन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर सेवा का दीप जलाने वाला एक ऐसा क्षण था, जो उन्हें जीवन भर हर ज़रूरतमंद की मुस्कान का कारण बनने की प्रेरणा देता रहेगा।

तरुणमित्र
सोमवार, 12 मई 2025
संवत- 2082, वैशाख शुक्ल पक्ष.- 15

# भगवान बुद्ध और बुद्ध पूर्णिमा

भगवान बुद्ध मानवता के सर्वोच्च प्रतिमान बन चुके हैं भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्णा संपूर्ण संसार में कितना लोकप्रिय कोई नहीं हुआ जितना भगवान बुद्ध है सच्चे अर्थों में उन्हें विश्व का और ज्ञान का प्रकाश स्तंभ कहा जा सकता है कम से कम 50 देश में भगवान बुद्ध के मत के अनुयाई रहते हैं इनकी संख्या 180 करोड़ से भी ज्यादा है यह इस बात का प्रमाण है कि ढाई हजार से अधिक वर्ष बीत जाने के बाद भी भगवान बुद्ध इस धरती पर जागृत है भगवान बुद्ध का जन्म लुंबिनी नामक स्थान पर हुआ था जो पहले भारत का एक गणराज्य था और वर्तमान में यह नेपाल में है इस बात से स्पष्ट है कि प्राचीन काल में नेपाल भी भारत का एक अंग था यह भी ध्यान देने वाली बात है कि भगवती सीता देवी के पिता महाराज जनक जो ब्रह्म ऋषियों से बड़े ज्ञानी थे इसी मिथिला के थे जो तक भारत का अंग था और वर्तमान में अभी नेपाल में भगवान बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ गौतम का जन्म देने के कुछ समय बाद ही उनकी महामाया देवी का स्वर्गवास हो गया था लेकिन मा प्रजापति गौतमी ने उनका पालन पोषण किया इससे उनके नाम के आगे गौतम लग गया जिन्होंने भगवान बुद्ध को असली मां से भी अधिक में और प्रेम दियाऔर अंत तक रहा। भगवान बुद्ध के जन्म के समय बड़े-बड़े ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की थी किया तो यह बालक चक्रवर्ती सम्राट होगा और सारे पृथ्वी को जीत लेगा या ऐसा महानतम सन्यासी होगा जिसका ज्ञान सारी धरती को जीत लेगा इसलिए उनके पिता शुद्धोधन ने हर संभव प्रयास किया की बालक दुनिया के दुखों से कष्ट से पीड़ा से बिल्कुल अनजान है लेकिन नियति को तो कुछ और स्वीकार था। भगवान बुद्ध को सांसारिक सुख में लिप्त रहने के लिए उनके पिता ने उनके लिए सर्दी गर्मी और वर्षा ऋतु के लिए तीन अलग-अलग शानदार महल सुंदर से सुंदर बाग बगीचा और वाटिका लगाया और उसे समय की सबसे सुंदर स्त्री यशोधरा से उनका विवाह भी कर दिया लेकिन भगवान बुद्ध को ईश्वरीय संदेश स्वप्न में आते ही रहते थे उनका सरकी छंदक बहुत ही बुद्धिमान था और वह भगवान बुद्ध को राजा के वचनों के अनुसार दुख और परेशानी के दृश्यों से दूर रखता था। सिद्धार्थ बचपन से ही बहुत शक्तिशाली और मेधावी थे खेलकूद में सबसे आगे रहते थे उनका चचेरा भाई देवदत्त उनका सबसे बड़ा प्रतिबंध था एक बार उसने हंस को तीर मार दिया भगवान बुद्ध ने उसकी सेवा किया दोनों में विवाद हुआ की हंस किसका है और राजा ने निर्णय दिया कि बचाने वाले का अधिकार करने वाले से अधिक होता है इसलिए हंस सिद्धार्थ का है एक बार उनके राज्य में युद्ध की प्रतियोगिता हुई सिद्धार्थ गौतम सब प्रतियोगिता में सबसे आगे रहे लेकिन उड़ते हुए पक्षी को अपने करुणा के कारण मरने से अच्छी कार्य कर दिया उनका लक्ष्य वेध अचूक होता था। भगवान बुद्ध एक बार महल से बाहर जनता के बीच घूमने निकले वहां पर उन्होंने वास्तविक जीवन को दिखा उन्होंने एक भिखारी को देखा एक मरे हुए व्यक्ति को देखा और एक संन्यासी को देखा और भी अनेक दृश्य देख जिससे वह बहुत विचलित हो गए सारथी ही के द्वारा सब कुछ ज्ञात होने पर और यह ज्ञात होने पर की सभी को अंत में मर जाना है और भी अधिक विचलित हो गए लेकिन सन्यासी के तेज से बहुत प्रभावित है और अंत में निश्चय किया की पुत्र और पत्नी राजपाट धन-धान्य को छोड़कर उन्हें सन्यासी बनना है। एक दिन संकल्प करके आधी रात को हुए भवन से बाहर निकल पड़े सारथी के पास नदी के किनारे आए और अपना वस्त्र आभूषण की समान देकर सारथी को विदा किया अपने बाल उतार दिए और ज्ञान की खोज में निकल पड़े वहां उन्होंने गुरु अलार कलाम और उद्रक राम पुत्र से गंभीर ज्ञान प्राप्त हुआ लेकिन मन को संतोष नहीं हुआ और भी बड़े-बड़े ज्ञानी ऋषि मुनि से मिले पर वह नहीं मिला जो वह खोजने गए थे अर्थात् जरा जीर्णता और मृत्यु से छुटकारा पाने का परम ज्ञान इसलिए वे आगे बढ़ते चले गए इसी क्रम में उन्हें सारनाथ में छः तेजस्वी शिष्य मिले जिनके साथ उन्होंने गणगौर तपस्या किया और सुख कर बिल्कुल कांटा हो गए फिर भी उन्हें उनके परम ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ। इसी अवस्था में सुजाता नाम की कन्या पुत्र जन्म की खुशी में खीर लेकर वृक्ष देवता को चढ़ाने आई और कंकाल मंत्र भगवान बुद्ध को देखकर समझी कि यही साक्षात वृक्ष देवता हैं और फिर अर्पित कर दिया भगवान बुद्ध ने बड़े प्रेम से खीर खाया यह देखकर उनके छह शिष्य भगवान बुद्ध की तपस्या खंडित हो गई । इसके बाद भगवान बुद्ध बोधगया में नदी के किनारे विराट पीपल के वृक्ष के नीचे बैठे और यह सोचकर अखंड समाधि लगाए किया तो मेरा महाप्रयाण हो जाएगा या परम ज्ञान प्राप्त हो जाएगा इस दशा में पूरे 1 महीने तक ध्यान मग्न समाधि में लीन रहे। और अंत में 1 सप्ताह के बाद उन्हें परम ज्ञान प्राप्त हुआ इस क्रिया को बुद्धत्व की प्राप्ति कहा जाता है तब से वह भगवान बुद्ध कह गए बाद में उनके शिष्यों को पश्चाताप हुआ और उन्होंने क्षमा याचना किया इसके बाद संपूर्ण जीवन भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व में दया परोपकार करना शांति अहिंसा का संदेश फैलाया आज भले लोग बौद्ध धर्म को अलग धर्म मान रहे हैं लेकिन भगवान बुद्ध ने इसे अलग धर्म नहीं माना उन्होंने केवल सनातन धर्म में आई कमी अंधविश्वास और रूढ़ियों को हटाकर परम दिव्य ज्ञान का प्रकाश फैलाया और पूरी दुनिया में उनके ज्ञान का प्रकाश फैल गया उन्होंने अंगुलिमाल जैसे शैतानी डाकू को भी अपने बस में करके अपने महान शक्ति का प्रदर्शन किया और अंत में 80 वर्ष की अवस्था में 483 ईसा पूर्व में उन्होंने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण प्राप्त किया उनका जन्म मृत्यु और ज्ञान प्राप्ति तीनों एक ही दिन हुआ था यह बहुत ही विलक्षण घटना थी भगवान बुद्ध एक ऐसे महान विभूति हैं जिनके ज्ञान का प्रकाश दिग्विगंत में फैल रहा है ईश्वर को लेकर वे नास्तिक नहीं थे लेकिन उसकी गलत व्याख्या की गई है ईश्वर के बारे में उन्होंने अपने विचार कभी व्यक्त नहीं किया आज भगवानपुर और उनकी शिक्षाओं की पूरे विश्व को आवश्यकता है भगवान बुद्ध की जयंती वैसा पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है इसको बुद्ध जयंती वैसाख वेसाक विशाख बुन सागा दाव फो दैन फैट दैन जैसे नाम से भी जाना जाता है भगवान बुद्ध की जयंती वैसाख पूर्णिमा समस्त सनातनी मानते हैं क्योंकि भगवान बुद्ध भगवान विष्णु के नवें अवतार माने जाते हैं दसवां और अंतिम अवतार भगवान कल्कि चुका है जो कलयुग के अंत में जन्म लेंगे। यहां पर बड़ी ही धूमधाम से भगवान बुद्ध के धर्मस्थली गोंडा उनके जन्म स्थान लुंबिनी और महापर्यन स्थान कुशीनगर में मनाया जाता है इस अवसर पर भगवान बुद्ध को याद करते हुए उनकी शिक्षाओं का प्रचार प्रसार किया जाता है जो पहली बार सम्राट अशोक के द्वारा देश-विदेश में की गई थी।

**डॉ दिलीप कुमार सिंह**

# ये कैसा सीज़फायर घोर उल्लंघन - ड्रोन हमले ज़ारी

वैश्विक स्तरपर दिनांक 10 मई 2025 को जहां एक ओर चौथे दिन भी भारत पाक के बीच ड्रोन मिसाइल इत्यादि से वार पलटवार या एक तरह से युद्ध शुरू था तो दोपहर करीब 3:30 बजे अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक्स: पर लिखा कि शाम 5 से भारत-पाक के बीच सैन्य गतिविधियां रोकने की आपसी सहमति हो गई है, जिसे सुनकर भारत सहित पूरी दुनियाँ स्तब्ध रह गई, क्योंकि सभी को यह उम्मीद थी कि इस बार भारत लास्ट बार सबसे भारी जवाब देगा व पीओके को वापस लेकर ही दम लगा परंतु सीजफायर के ऐलान से जहां एक ओर आम जनता हैरान व मायूस हुई तो दूसरी ओर यह बात किसी को समझ में भी नहीं आई ऐसा हुआ तो क्यों और कैसे फिर ऐसी क्या कमी थी भारतीय ताकत में किसी सीजफायर के लिए राजी होना पड़ा? इसी प्रश्न के उत्तर में मेरा मानना है कि यह किसी आगे की रणनीति का हिस्सा होगी या फिर अमेरिका के दबाव तंत्र से युद्ध को हटाने के लिए यह फैसला लिया गया होगा परंतु कुछ भी सफाई दी जाए, यह बात आम आदमी के हलक से नहीं उतरेगी कि आखिर ऐसी क्या कमियां थी कि सीजफायर के लिए राजी होना पड़ा चूँकि भारत का आगाज़, किसी भी प्रकार की आतंकी कार्रवाई को अब एक्ट आफ वार मानकर उसका जवाब दिया जाएगा तथा भारत पाक युद्ध विराम आपसी सहमति नीति समझ नहीं आई रणनीति या अमेरिकी दबाव तंत्र- सैन्य कार्रवाई विराम बाद भी पाक ड्रोन की खेप बरसाई, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यह कैसा चीज फायर सभी सैन्य गतिविधियां रोकने की आपसी सहमति के 3 घंटे भीतर सीजफायर का घोर उल्लंघन? ड्रोन हमले जोरदार जारी! साथियों बात अगर हम भारत पाक सीज़फायर की आपसी सहमति की करें तो, सीजफायर की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद जम्मू-कश्मीर में फिर से ड्रोन हमलों की खबर सामने आई है, एलओसी पर भी पाकिस्तान की ओर से फायरिंग हुई, ऐसे में पाकिस्तान सीमा से सटे कई शहरों में ब्लैक आउट की घोषणा की गई है, सीजफायर की घोषणा से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन पाकिस्तान की ओर से फिर से नापाक हरकतें शुरू हो गई है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान का फिर से ड्रोन अटैक,अपडेट्स (1) पाकिस्तान से लगती सीमा पर लगातार फायरिंग की खबर सामने आई है। (2) पाकसीमा से सटे कई शहरों में ब्लैकआउट घोषित किया गया है। (3) श्रीनगर में ड्रोन अटैक हुआ है. यहां कई धमाके सुने गए। पंजाब के पठानकोट में पूरी तरह से ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। (4) श्रीनगर में ब्लैकआउट के बीच भारतीय वायु रक्षा बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन को रोका है. सामने आए एक वीडियो में धमाकों की आवाज सुनी जा सकती है। (5) राजस्थान के जैसलमेर में पूरी तरह से ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। (6) राजस्थान के बाड़मेर शहर में भी पूरी तरह से ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। (7) उधमपुर में ब्लैकआउट के बीच भारतीय वायु रक्षा बलों द्वारा पाकिस्तानी ड्रोन को रोका गया. धमाकों की आवाज सुनी जा सकती है। (8) राजस्थान के बाड़मेर जिले में भी धमाकों की आवाज सुनी गई है. यहां भी सुरक्षा बल पूरी मुस्तैदी से पाक की हर कोशिश को नाकाम करने में जुटे हैं। (9) पाकिस्तान की ओर से हो रहे ड्रोन अटैक और गोलीबारी का भारत का एयर डिफेंस सिस्टम और बीएसएफ लगातार जवाब दे रही है। (10) श्रीनगर में बीते 15 मिनट से ड्रोन अटैक की एक्टिविटी बंद हो गई है. हालांकि अभी सीमा से सटे कई अन्य इलाकों से माहौल तनावपूर्ण ही है। (11) गुजरात के कच्छ में तत्काल प्रभाव से ब्लैकआउट घोषित किया गया है. सभी नागरिकों से इसका सख्ती से पालन करने को कहा गया है। (12) पंजाब के पठानकोट में रात को ड्रोन देखे गए. यहां लगातार सायरन भी बजा. इसके बाद पठानकोट, अमृतसर, बरनाला, बठिंडा, होशियारपुर, फाजिल्का और फिरोजपुर में दोबारा ब्लैकआउट कराया गया है। उल्लेखनीय है कि तीन दिनों तक चले संघर्ष के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच शनिवार को सीजफायर की घोषणा हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया था कि शनिवार शाम पांच बजे से सीजफायर लागू हो गया है, लेकिन महज तीन चार घंटे के अंदर ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया और सीमा पार से गोलीबारी शुरू की, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट लिखते हुए सीजफायर पर सवाल उठाए, उन्होंने लिखा- जम्मू-कश्मीर में कोई सीजफायर नहीं है, श्रीनगर के बीचोबीच एयर डिफेंस यूनिट को एक्टिवेट कर दिया गया है।हालांकि एक घंटे की हलचल के बाद ड्रोन अटैक की घटनाएं थम गई है, एलओसी पर फायरिंग भी बंद हो गई है. सेना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से कुछ ड्रोन आए थे, जिन्हें इंटरसेप्ट करने के लिए भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम मुस्तैद थी, हालांकि पाकिस्तान की ओर से आए ये ड्रोन कुछ ही देर बाद वापस लौट गए थे। ऐसी जानकारी मीडिया में आई। साथियों बात अगर हम भारत- पाकिस्तान युद्ध का सीज़ फायर कैसे हुआ इसको जानने की करें तो,शनिवार सुबह तक एक दूसरे पर मिसाइलें बरसा रहे भारत और पाकिस्तान ने शनिवार शाम होते होते अमेरिका से आए संघर्ष विराम के संदेश की पुष्टि कर दी, दोनों देशों के तुरंत प्रभाव से हथियार थामने का एलान असल में हजारों किलोमीटर दूर वॉशिंगटन से आया।शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, अमेरिकी की मध्यस्थता में रात में बहुत देर तक हुई बातचीत के बाद, मुझे यह एलान करते हुए खुशी है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और त्वरित संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं।कॉमन सेंस और गजब की बुद्धिमतत्ता दिखाने के लिए दोनों देशों को बधाई, इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए आपका शुक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान के फौरन बाद पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर लिखा, पाकिस्तान और भारत तुरंत प्रभाव से संघर्ष विराम पर समहत हो गए हैं, पाकिस्तान हमेशा क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास करता रहा है, वो भी अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर समझौता किए बिना.इसके कुछ देर बाद, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भी मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, यह तय हुआ है कि दोनों पक्ष, जमीन, हवा और समंदर में हर तरह की फायरिंग और सैन्य कार्रवाई बंद करेंगे भारतीय विदेश सचिव ने यह भी बताया कि दोनों देशों केअधिकारी 12 मई को आपस में बातचीत करेंगे. भारत ने दावा किया है कि वह भविष्य में किसी भी आतंकवादी हमले को युद्ध की कार्रवाई मानेगा। नई दिल्ली के इस रुख से साफ है कि भविष्य में दोनों देशों की बीच जो भी बातचीत होगी, उसमें इस बात को केंद्र बिंदु की तरह रखा जाएगा, सीज फायर के एलान के बाद, शनिवार शाम भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा, भारत और पाकिस्तान फायरिंग और सैन्य कार्रवाई बंद करने के लिए एक समझ तैयार कर चुके हैं. भारत ने लगातार हर तरह के आतंकवाद और उसके पोषण पर कड़ा और गैर समझौतावादी रुख बरकरार रखा है. अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि,ये कैसा सीज़ फायर सभी सैन्य गतिविधियाँ रोकने की आपसी सहमति के 3 घंटों भीतर ही घोर उल्लंघन - ड्रोन हमले ज़ारी भारत का आगाज़ -किसी भी प्रकार की आतंकी कार्रवाही को अब एक्ट आफ़ वार मानकर उसका जवाब दिया जाएगा। भारत पाक़ युद्ध विराम आपसी सहमति नीति समझ नहीं आई रणनीति या अमेरिकी दबाव तंत्र- सैन्य कार्रवाई विराम बाद भी पाक नें ड्रोन की खेप बरसाई।



**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र 9284141425**

# चंदौली

## बिजली कटौती के दौरान अस्पताल में छा जाता है अंधेरा

### सोलर सिस्टम व जनरेटर बना शो पीस

**नौगढ़ (चंदौली)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ की हालत बद से बदतर होती जा रही है। इमरजेंसी ड्यूटी में चिकित्सकों और फार्मासिस्टों की गैरहाजिरी से दुर्घटनाग्रस्त व गंभीर रूप से बीमार मरीजों को समय पर प्राथमिक उपचार नहीं मिल पा रहा है। इससे परिजनों को मजबूरन प्राइवेट झोलाछाप डॉक्टरों की शरण लेनी पड़ती है या फिर मरीज को चकिया, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, वाराणसी या सोनभद्र के बड़े अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ता है, जिससे गरीब परिवारों पर आर्थिक संकट और गहराता जा रहा है।

चिकित्सा अधीक्षक पर गंभीर आरोप स्थानीय जनता का आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डा. अवधेश कुमार सिंह पटेल हफ्ते में महज दो से तीन दिन ही कुछ घंटों के लिए अस्पताल में मौजूद रहते हैं। रात में कभी भी वह अस्पताल परिसर में बने सरकारी आवास में प्रवास नहीं करते, जिससे अन्य चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों में भी कार्य के प्रति लापरवाही व्याप्त है। डॉक्टरों की संख्या फिर भी सेवाएं लचर अस्पताल में आधा दर्जन चिकित्सकों की नियुक्ति के बावजूद कार्यदिवस में सिर्फ एक डॉक्टर ओपीडी और इमरजेंसी की ड्यूटी निभाते हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवानदास अग्रहरि के अनुसार, यह एकमात्र डॉक्टर भी हफ्ते में एक बार 24 घंटे की पारी करने के बाद शेष दिन घर चला जाता है। इमरजेंसी में उनकी गैरमौजूदगी से मरीजों की हालत और खराब हो जाती है। दूसरे पीएचसी से डॉक्टर बुलाना बना चलन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमदहां के चिकित्साधिकारी डा. एजाजुद्दीन अंसारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ में ड्यूटी दी जा रही है, जिससे अमदहां पीएचसी सिर्फ एक आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा है। यह चिकित्सा व्यवस्था की भयावह स्थिति को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि चिकित्सा अधीक्षक डा. पटेल जनपद मिर्जापुर में स्थित अपने निजी अस्पताल के संचालन में ज्यादा समय देते हैं और हफ्ते में एक-दो दिन नौगढ़ अस्पताल पहुंचकर केवल कागजी खानापूर्ति करते हैं। इस लचर व्यवस्था की शिकायत मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर की गई है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

## अन्तर्राज्यीय गो- तस्कर शाहिद अफरीदी अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**चकिया, चंदौली।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अन्तर्राज्यीय शातिर गो तस्कर एवं 15,000 के इनामी अपराधी शाहिद अफरीदी पुत्र अलीम अंसारी, निवासी ग्राम चितौड़ी, थाना बबुरी, जनपद चन्दौली को एक अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चन्दौली श्री आदित्य लांग्हे व अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) श्री दिगम्बर कुशवाहा के निर्देश पर चलाए जा रहे गोतस्करी, अवैध शस्त्र, वांछित अपराधियों की धरपकड़ एवं मादक पदार्थों की रोकथाम अभियान के तहत की गई।

गिरफ्तारी स्थल: पटेल तिराहे से लगभग 200 मीटर दूर सिकन्दरपुर पोखरा के पास गिरफ्तारी का समय: 10 मई 2025, सायं लगभग 6:00 बजे बरामदगी: 1 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 2 अदद जिन्दा कारतूस आरोपी का आपराधिक इतिहास चौंकाने वाला शाहिद

अफरीदी के विरुद्ध 12 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें गोवध निवारण अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट व भारतीय दण्ड संहिता की गंभीर धाराएं शामिल हैं। आरोपी कई जनपदों चन्दौली, भदोही और मिर्जापुर में वांछित था।

**गिरफ्तारी टीम**

थानाध्यक्ष अतुल कुमार प्रजापति, उ0नि0 अवधेश यादव, हे0का0 दीपचन्द्र गिरी, हे0का0 जलभरत यादव, हे0का0 सुहेल अहमद, का0 रविन्द्र कुमार चकिया पुलिस की यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था को बनाए रखने की दिशा में एक साहसी कदम मानी जा रही है। क्षेत्र में गोतस्करी, अवैध हथियारों और मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय है।

## चकिया में आर्म रेसलिंग जिला ट्रायल का आयोजन

### आर्यन हेल्थ क्लब में खिलाड़ियों ने दिखाई ताकत

**चकिया (चंदौली)।** नगर पंचायत चकिया के वार्ड नंबर पांच स्थित आर्यन हेल्थ क्लब में जनपद स्तरीय आर्म रेसलिंग ट्रायल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता आशु ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अध्यक्ष बी.पी. यादव ने माल्यार्पण व अंगवस्त्र प्रदान कर अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। लखनऊ से पंजाब तक जाएगा चयनित खिलाड़ियों का सफर आर्म रेसलिंग कोच नीरज गुप्ता ने बताया कि इस ट्रायल में चयनित खिलाड़ी लखनऊ नेहरू युवा केंद्र में जिला स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। यहां से राज्य स्तर पर चयनित होने के बाद प्रतिभागी लुधियाना, पंजाब में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खेलों से आत्मबल और संस्कृति का होता है विकास: गौरव श्रीवास्तव मुख्य अतिथि गौरव श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, खेल केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास और आत्मविश्वास को भी सशक्त करता है। हार-जीत से अधिक सौहार्दपूर्ण सहभागिता और खेल भावना का होना ज़रूरी है। आर्म रेसलिंग हमारी पुरातन परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ खेल है, जिसे बढ़ावा देना चाहिए।

आयोजन में कई सम्मानित खिलाड़ी और अधिकारी रहे मौजूद। इस आयोजन में अध्यक्ष वी.पी. यादव, सचिव शरद प्रताप राव, कोच नीरज गुप्ता, एयरफोर्स में कार्यरत रणजीत जायसवाल, सीआरपीएफ के मिथिलेश, व अन्य खिलाड़ी शिवम, समीर, राघवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल बबुरी मवैया में गूंजा 'माँ' के प्रेम का उत्सव

**चकिया, चंदौली।** बबुरी मवैया स्थित राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर सभी बच्चों की माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। बच्चों ने खुद से बनाए कार्ड अपनी मम्मियों को दिए। साथ ही डांस और सिंगिंग की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की माताओं ने गीत नृत्य और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों की माताओं के लिए कई मनोरंजक खेल भी रखे गए। विजेता माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को वीडियों दिखाया गया, जिसमें आधुनिक युग में शिक्षा का महत्व बताया गया। शिक्षा प्राप्त करने की कोई उम्र नही होती, क्योंकि मनुष्य जीवन भर कुछ न कुछ सीखता रहता हैं। माताओं को भी अपने बच्चों की इच्छाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अपने वक्तव्य में स्कूल की डायरेक्टर प्रवीण रुस्तम ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि मां हमारे जीवन की सबसे पहली गुरु होती हैं। उनका स्थान भगवान से भी ऊपर होता है। वह हमें सिर्फ जन्म ही नहीं देतीं, बल्कि वह हमें संस्कार, प्रेम और आत्मविश्वास से भी भरती हैं। मां अपने बच्चों के लिए सब कुछ त्याग देती हैं और



बच्चों की खुशी के लिए दिन-रात मेहनत करती हैं। ऐसे में मां के इसी त्याग, प्रेम और समर्पण को सम्मान देने के लिए हर साल मदर्स डे मनाया जाता है। इस अवसर पर स्कूल के वाइस प्रिंसिपल मुकेश कुमार सिंह, चंदा गुप्ता, जैस्मिन, मरजीना, प्रियंका पांडे, समीक्षा त्रिपाठी,नूरी खान, नीलम कुमारी, अनम सिद्दीकी साथ ही समस्त अभिभावक गण एवं शिक्षक मौजूद रहे।

## संतोष सबसे बड़ी संपत्ति है: संत प्रकाशनंद

**चंदौली।** सदगुरू आश्रम गंगाधाम महुजी में रामचरित मानस कार्यक्रम एवं बुद्ध पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर रविवार को आश्रम में उपस्थित भक्तों को अपने संबोधन में संत प्रकाशनंद जी महाराज ने कहा कि कर्म ही तुम्हारी पहचान है।जो लोग मुश्किल से डर जाते वह उनके जीवन की हार बन जाती है। जीवन में मौका मिले तो सारथी बनना स्वार्थी नहीं।जो व्यक्ति सब कुछ जनता स्वयं को नहीं जनता वह अग्यानी है। संतोष सबसे बड़ी संपत्ति है।वफादारी सबसे बड़ा रिश्ता है।दुख भोगने वाला आगे चलकर सुखी बन जाता है। दूसरों को दुख देने वाला कभी सुखी नहीं हो सकता।इस अवसर पर हरियाणा से आए नाथ संप्रदाय के संतों ने प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत अंग वस्त्र भेट किया गया। सुबोध आश्रम हर हुआ वाराणसी से माता परमार्थ सरोजनी ने भी प्रसाद ग्रहण कर लोगो को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान उमाशंकर सिंह, शंकर यादव, महेंद्र सिंह, सारनाथ चौरसिया, केदार किशुन, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नौगढ़ के जंगल में वन विभाग ने बोला सीधा बुलडोजर अटैक

**नौगढ़, चंदौली।** नौगढ़ दक्षिणी बीट कंपार्टमेंट नंबर 16 में अवैध रूप से निर्माणाधीन पक्का मकान को वन विभाग ने जे सी बी मशीन से ध्वस्त कराकर के कार्रवाई किया है। जिसे देख कर आरक्षित वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा दखल करने वाले अतिक्रमणकारियों में दहशत व्याप्त हो गया है। प्रभागीय वनाधिकारी काशी वन्य जीव प्रभाग रामनगर दिलीप कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर वन दरोगा गुरूदेव सिंह यादव के नेतृत्व में नौगढ़ जयमोहनी व मझगाई वन रेंज के वनकर्मी संयुक्त रूप से बेदखली कार्रवाई में शामिल रहे। देवखत गांव के समीप नौगढ़ दक्षिणी बीट कम्पार्टमेन्ट नं16 मे आरक्षित वन भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमणकारी पक्का मकान निर्माण कर रहे थे। जिसकी एक पखवाड़े पूर्व जानकारी मिलने पर वनविभाग ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया था। हौसला बुलंद अतिक्रमणकारियों ने मकान निर्माण कार्य जारी रखा था। क्षेत्रीय वन अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि देवखत गांव के समीप आरक्षित वन भूमि में किए जा रहे अवैध निर्माण को वन दरोगा गुरुदेव सिंह यादव के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने जे सी बी मशीन से ध्वस्त कराया है। वहीं चिन्हित अतिक्रमणकारी के विरुद्ध नामजद वन अपराध का केश दर्ज कर के कार्रवाई किया गया है। टीम में वन दरोगा राजकुमार प्रशान्त शुभम जागृति साबित्री वनरक्षक राजेन्द्र सोनकर बाबूनंदन सहित नौगढ जयमोहनी व मझगाई वन रेंज के वनकर्मी शामिल रहे।

# स्त्रियों का शिक्षा विहीन जीवन

देश की महिलाओं, स्त्रियों और बालिकाओं के सक्षम एवं सफल जीवन के लिए एक दीर्घकालिक योजना पर अमल किया जाना चाहिए। स्त्रियों के शोषण, अत्याचार के विरुद्ध पंचवर्षीय योजना की तरह शिक्षा, साक्षरता एवं ज्ञान की वृद्धि के लिए विशेष तौर पर महिलाओं तथा बच्चों के लिए एक विशेष अभियान चलाने की गंभीर आवश्यकता है। बालिकाएं स्त्रियां पढेंगी तभी इतिहास रचेंगी और देश को सशक्त बनाने का प्रयास करेंगीं। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। भारत की जनसंख्या में पुरुषों के साथ-साथ की स्त्रियों तथा बच्चों की भी जनसंख्या भी बहुत ज्यादा है। देश में स्त्री शोषण की विविधता और धार्मिक कट्टरता को देखते हुए नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बच्चों को बुनियादी शिक्षा तथा साक्षरता की महती आवश्यकता देश में महसूस की जा रही है। स्त्रियां अपने परिवार ,घर और समाज की देखरेख करती हैं अतः उनका शिक्षित होना बहुत ज्यादा आवश्यक भी है, बच्चे देश का भविष्य है अतः उनका शिक्षित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी भी देश के एक सफल नागरिक को होना चाहिए।

स्त्री और शिक्षित होंगी तो स्वयं और अपने परिवार को अच्छे बुरे और असामाजिक घटनाओं से सचेत रहने की शिक्षा भी दे सकती हैं जिससे एक सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक आंदोलन की महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि को तैयार किया जा सकता है। भारत में चाहे विकास की बात हो, सार्वभौमिकता की बात हो,सत्य, अहिंसा की बात हो या बात करोना संक्रमण से बचने की हो, हमें शिक्षा एवं व्यापक साक्षरता की महती आवश्यकता है जिस तरह जल के बिना जीवन नहीं होता है,उसी तरह साक्षरता और शिक्षा के बगैर मनुष्य का जीवन निरर्थक है। अशिक्षित आदमी ना तो अपने परिवार ना ही समाज के लिए उपयोगी हो सकता हैद्य इसके लिए सबसे पहले हमें स्त्रियों की शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को समझना होगा। शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं। शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है जिसके अंतर्गत पढ़ना, लिखना, समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है। साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है साक्षरता सदैव रोजगार मूलक तथ्यों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है।

## ...आज का दिन...

**मेष**- संकल्प सिद्धि का प्रयास, शुभ विचारों का उदय, आत्मिक शांति, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, भौतिक सुख के साधन सुलभ, उपहार या सम्मान का लाभ।

**वृषभ**- व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, व्यक्तिगत समस्याओं का समापन, हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक कार्यों में सफलता, पुराने विवाद का समापन।

**मिथुन**- ग्रहयोग बेहतर, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, दाम्पत्य जीवन सुखमय, कठिनाइयों का निवारण, शुभ कार्य हेतु व्यय, धन का प्रतिफल प्राप्त, यात्रा सुखद।

**कर्क**- समस्याओं से परेशानी, भौतिक सुख में न्यूनता, आर्थिक लेन-देन में नुकसान, स्पष्टवादिता घातक, व्यर्थ के भागदौड़ में समय नष्ट, जल्दबाजी का निर्णय अहितकर।

**सिंह**- सफलता का मार्ग प्रशस्त, लाभ का सिलसिला, विशिष्टजनों से सम्पर्क, नवसमाचार की प्राप्ति, परिवार में सुख-शांति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

**कन्या**- विचारित कार्यों में प्रगति, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक खर्च, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, प्रियजनों -मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन।

**तुला**- सद्विचारों का उदय, योजना फलीभूत, पारिवारिक वातावरण अनुकूल, आपसी सद्भाव, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, उपहार या सम्मान का लाभ।

**वृश्चिक**- सोचे हुए कार्य अधूरे, मानसिक उलझनें, वैचारिक अस्थिरता, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, मित्रों से गलतफहमी, धनागम में बाधा, व्यर्थ भ्रमण से समय नष्ट।

**धनु**- मनोभिलाषित योजना में अनुकूलता, आपसी सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, किसी पुराने विवाद का समापन।

**मकर**- कार्य-व्यवसाय में सफलता, सद्विचारों का उदय, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, किसी योजना में सम्मिलित होने का सुयोग, यात्रा।

**कुम्भ**- आत्मशक्ति का विकास, जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, आनन्द की अनुभूति, स्वाध्याय में रुचि।

**मीन**- पूँजी का प्रतिफल न मिलने से अशांति, स्वास्थ्य में व्यवधान, आहार-विहार की अनियमितता से कष्ट, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, इच्छित पद-प्राप्ति में अड़चनें।

-: श्री विमल जैन :-
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

## विधिवेत्ता एवं लब्धप्रतिष्ठित डीन डॉ0 प्रेम चंद विश्वकर्मा को श्रद्धांजलि

भाव भरे थे प्रेम के, शीतल चन्द्र समान।
प्रेम चंद्र विधिवेत्ता, जिनकी कीर्ति महान।।

हिन्दी अंग्रेजी सहित, उर्दू के उस्ताद।
जीवित उनकी शायरी, लोग करें गे याद।।

मिलते सबसे प्यार से, अहंकार से दूर।
रही सरसता सादगी, जीवन में भरपूर।।

ज्ञानी थे विद्वान थे, था व्यक्तित्व महान।
कृतियों से पाते रहे, बड़े-बड़े सम्मान।।

केवल जनपद में नहीं, जग में है गुणगान।
सचमुच शायर प्रेम जी, विविध गुणों की खान।

करें खरे शत-शत नमन, वंदन कोटि प्रणाम।
मर्माहत हैं हम सभी,शान्ति मिले प्रभु धाम।।



**ओम प्रकाश खरे जौनपुर**

# एक राष्ट्र, एक चुनाव से बढ़ेगी जवाबदेही, घटेगा खर्च और मिलेगा शासन को सुचारु कार्यकाल : सुनील बंसल

- संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करेगा एक राष्ट्र-एक चुनाव : प्रो. बिहारी लाल शर्मा
- युवा टाउनहाल विषयक कार्यक्रम में, उमड़े युवा, भारत माता की जय के उद्घोष से गूंजा रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर

कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का स्वागत करते कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा व आयोजकगण। इस दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ सभागार में रही मौजूद

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव लोकतंत्र को अधिक प्रभावी, व्यय-कुशल और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इससे देश का विकास तेज होगा, राजनीति सीमित होगी और युवाओं को नये अवसर मिलेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि युवा इसे अभियान बनाकर जन-जन तक पहुंचाएं ताकि यह जनआंदोलन का रूप ले सके। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित युवा टाउनहाल को संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा लोकतंत्र को अधिक व्यवहारिक और व्यय-कुशल बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, बशर्ते इसके कार्यान्वयन की योजना व्यापक विचार-विमर्श और सर्वसम्मति से की जाए। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से देश का विकास और जनकल्याण की योजनाएं बाधित होती हैं। पिछले 30 वर्षों में कोई ऐसा साल नहीं गया जिसमें देश के किसी न किसी राज्य में चुनाव न हुए हों। इससे प्रशासनिक मशीनरी बार-बार चुनाव कराने में व्यस्त रहती है, जिससे गुड गवर्नेंस और गरीब कल्याण के कार्य प्रभावित होते हैं।

राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से नीति-निर्माण में रुकावट आती है और पॉलिसी पैरालिसिस की स्थिति बनती है। इससे शासन की निरंतरता टूटती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई नया विचार नहीं है—1952 से 1967 तक देश में चार बार चुनाव एक साथ हुए हैं। वर्तमान सरकार ने इस दिशा में गंभीर पहल की है और उच्च स्तरीय समिति ने 62 राजनीतिक दलों से सुझाव मांगे, जिनमें से 47 दलों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि यदि 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते, तो देश के सकल घरेलू उत्पाद में 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि संभव थी। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में ही लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए, जो देश के वित्तीय संसाधनों पर भारी बोझ है। एक साथ चुनाव होने से यह खर्च भी कम होगा और देश की ऊर्जा और धन का उपयोग विकास कार्यों में किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि चुनावी प्रचार के दौरान वायु और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, साथ ही बड़ी मात्रा में पोस्टर, बैनर और अन्य प्रचार सामग्री से पर्यावरण को भी नुकसान होता है। एक साथ चुनाव होने से इन सभी हानियों में कमी आएगी। इसके अलावा आमजन को बार-बार अपने काम से छुट्टी लेकर मतदान में भाग लेना पड़ता है, जिससे उनकी दिनचर्या भी प्रभावित होती है।सुनील बंसल ने कहा कि हर चुनाव में लाखों सरकारी कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी लगाई जाती है, जिससे उनके नियमित कार्य प्रभावित होते हैं। यदि सभी चुनाव एक साथ हों, तो यह समस्या एक बार में ही हल हो जाएगी और प्रशासनिक कार्यप्रणाली सुचारु रूप से चलेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बार-बार लागू होने वाली आचार संहिता विकास कार्यों को बाधित करती है। एक साथ चुनावों से सरकार को पाँच वर्षों का स्पष्ट और निर्बाध समय मिलेगा जिससे योजनाएं समय पर पूरी हो सकेंगी और जनता को शीघ्र लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव से समाज में वैमनस्यता का माहौल बनता है। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन मोदी जी या भाजपा का एजेंडा नहीं है, बल्कि यह देशहित का मुद्दा है। इससे लोगों को अधिक समय मिलेगा, देश का पैसा बचेगा और बचा हुआ पैसा देश के विकास में लगाया जा सकेगा। सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषयक युवा टाउनहाल को संबोधित करते हुए प्रारम्भ में ही भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि भारत अब झुकने वाला नहीं है, न ही रुकने वाला। यदि भारत को कोई छेड़ेगा, तो भारत अब उसे छोड़ने वाला नहीं है। यह संदेश भारत ने पूरी दुनिया को स्पष्ट रूप से दे दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव व्यवस्था देश के संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करेगी और बार-बार चुनावों से उत्पन्न रुकावटें समाप्त होंगी। उन्होंने इसे देश के सतत विकास और प्रभावी शासन के लिए आवश्यक बताया। विशिष्ट अतिथि पद्मभूषण प्रो देवी प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि लंबे समय बाद देश में ऐसी सरकार आई है जो न केवल देशहित में सोचती है, बल्कि जनहित को भी सर्वोपरि रखती है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनावों से देश की वित्तीय, प्रशासनिक और नीतिगत स्थिरता प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो भी कार्य कर रही है, वह जनता के हितों को प्राथमिकता में रखकर कर रही है।

युवा टाउनहाल में अंतर्राष्ट्रीय एथलीट प्रियंका सिंह पटेल और रेनू सिंह ने भी युवाओं को संबोधित किया और राष्ट्रहित के इस अभियान में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि सुनील बंसल का स्वागत युवा उद्यमी दीपेश वशिष्ठ एवं डा. यश पांडे ने किया। प्रो बिहारी लाल शर्मा का स्वागत राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल यादव व रजत जायसवाल ने किया। पद्मभूषण देवी प्रसाद द्विवेदी का स्वागत अमन सोनकर ने किया, प्रियंका पटेल का सोनाली कनौजिया एवं रेनू सिंह का आकृति (कबड्डी खिलाड़ी) ने सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पटेल ने किया और धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा शैलेंद्र मौर्य ने किया।

कार्यक्रम में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. दयाशंकर मिश्रा 'दयालु', महापौर अशोक तिवारी, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डा. अवधेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, एमएलसी अश्विनी त्यागी, एम एल सी धर्मेन्द्र राय, पूर्व विधायक जगदीश पटेल, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्राशुदत्त द्विवेदी, मनीष कपूर, मीना चौबे, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर, नवीन कपूर, जगदीश त्रिपाठी, संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम, सुरेश सिंह, संदीप केशरी, आशुतोष पाल, राजेश राजभर, अखिलेंद्र प्रताप सिंह, प्रियांशु तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, मधुकर चित्रांश, नम्रता चौरसिया, कुसुम पटेल, सहित हजारों की संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा में अत्यधिक महत्वपूर्ण है : कुलपति प्रो. वांगछुक दोर्जे नेगी

- बौद्ध धर्म की स्थापनाअहिंसा, करुणा और आत्म-ज्ञान पर आधारित है : प्रो. हरिशंकर
- बुद्ध की शिक्षा लोगों को जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद करती हैं : कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा

कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि कुलपति प्रो वांगछुक दोर्जे नेगी, कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा, मुख्य वक्ता प्रो हरिशंकर शुक्ल

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** तथागत बुद्ध ने अपने ज्ञान और शिक्षाओं से समाज में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए। उनके प्रमुख अवदानों में बौद्ध धर्म की स्थापना, आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करना, नैतिकता और मूल्यों पर जोर देना और सामाजिक सुधार के लिए काम करना शामिल है। उनकी शिक्षाओं का प्रभाव विश्वभर में देखा गया और आज भी प्रासंगिक हैं। तथागत बुद्ध का अवदान भारतीय ज्ञान परंपरा में अत्यधिक महत्वपूर्ण है और उनकी शिक्षाएं आज भी लोगों को जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद करती हैं। उनकी शिक्षाएं हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करती हैं।

उक्त विचार सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के श्रमण विद्या संकाय के अन्तर्गत बुद्ध जयंती पर्व के पूर्व संध्या एवं राष्ट्र में शांति के लिये आयोजित भारतीय ज्ञान परम्परा में तथागत बुद्ध का अवदान विषय पर केन्द्रीय तिब्बती अध्ययन वि.वि., सारनाथ, वाराणसी के कुलपति प्रो वांगछुक दोर्जे नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। बतौर मुख्य वक्ता प्रो हरिशंकर शुक्ल, विभागाध्यक्ष, पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग, का. हि.वि.वि., वाराणसी ने कहा कि तथागत बुद्ध के प्रमुख अवदान और उनकी शिक्षाओं का प्रभाव तथागत बुद्ध ने बौद्ध धर्म की स्थापना की, जो अहिंसा, करुणा और आत्म-ज्ञान पर आधारित है। उन्होंने अपने अनुयायियों को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया, जिससे उन्हें जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद मिली। बतौर विशिष्ट अतिथि प्रो हर प्रसाद दीक्षित, पूर्व संकायाध्यक्ष, श्रमण विद्या संकाय ने कहा कि तथागत बुद्ध का अवदान भारतीय ज्ञान परंपरा में अत्यधिक महत्वपूर्ण है और उनकी शिक्षाएं आज भी लोगों को जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद करती हैं। उनकी शिक्षाएं हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करती हैं।बुद्ध जयंती के पर्व पर बतौर अध्यक्षता करते हुये कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि तथागत बुद्ध ने बौद्ध धर्म की स्थापना की, जो अहिंसा, करुणा और आत्म-ज्ञान पर आधारित है। उन्होंने अपने अनुयायियों को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया, जिससे उन्हें जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद मिली। तथागत बुद्ध ने नैतिकता और मूल्यों के महत्व पर जोर दिया, जैसे कि सत्य, अहिंसा और करुणा। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और असमानताओं के खिलाफ आवाज उठाई और सामाजिक सुधार के लिए काम किया।उनकी शिक्षाओं ने न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में प्रभाव डाला है और आज भी प्रासंगिक हैं। उनकी शिक्षाएं लोगों को जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद करती हैं और उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रेरित करती हैं।संकायाध्यक्ष, श्रमण विद्या संकाय ने स्वागत और अभिनंदन करते हुये सम्पूर्ण विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तथागत बुद्ध का अवदान भारतीय ज्ञान परंपरा में अत्यधिक महत्वपूर्ण है और उनकी शिक्षाएं आज भी लोगों को जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद करती हैं। न्याय शास्त्र के प्रो रामपूजन पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मधुसूदन मिश्र ने किया।जयंती पर्व समारोह के प्रारम्भ में वैदिक, पौराणिक, पालि एवं प्राकृत मंगलाचरण किया गया।कार्यक्रम में प्रो जितेन्द्र कुमार, रजनीश कुमार शुक्ल,प्रो हरिशंकर पाण्डेय, प्रो महेंद्र पाण्डेय,प्रो सुधाकर मिश्र,प्रो अमित कुमार शुक्ल, प्रो हीरक कांत चक्रवर्ती, प्रो राघवेन्द्र जी, प्रो दिनेश कुमार गर्ग, डा. विशाखा शुक्ला, डॉ मधुसूदन मिश्र आदि उपस्थित थे।

## एडिशनल सीपी राजेश सिंह ने आईजीआरएस मुंशियों के साथ गोष्ठी कर दिए निर्देश

एडिशनल सीपी ( अपराध ) राजेश कुमार सिंह आईजीआरएस मुंशियों के साथ गोष्ठी कर उन्हें निर्देश देते हुए

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** जनशिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण को लेकर वाराणसी कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त (अपराध) राजेश कुमार सिंह ने रविवार को पुलिस कार्यालय में सभी थानों के द्धत्रक्ष् मुंशियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी थानों के आईजीआरएस व सीएम डैशबोर्ड पर लंबित शिकायतों की स्थिति, निस्तारण की गति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की गई। अपर पुलिस आयुक्त राजेश कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण सिर्फ संख्या पूरी करने तक सीमित न रहे, बल्कि हर शिकायत का समाधान निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ हो। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक स्तर पर शिकायतकर्ता को फीडबैक दिया जाए। साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट अपराध शाखा को अनिवार्य रूप से भेजी जाए। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों की जवाबदेही तय की जाएगी। सभी आईजीआरएस मुंशियों के लिए आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## जीआरपी ने खोई बच्ची को स्टेशन परिसर से बरामद कर माता को किया सुपुर्द

स्टेशन परिसर में खोई बच्ची को बरामद कर उसकी माता को सौंपते जीआरपी प्रभारी निरीक्षक हेमंत सिंह

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुँवर प्रभात सिंह के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक हेमन्त सिंह के नेतृत्व में वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर खोई हुई बच्ची को कुछ घंटे के अंदर में ही बरामद कर उसे उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया।इस बाबत हेमंत सिंह ने बताया कि प्रयागराज की महिला निशा अग्रहरी पत्नी जितेन्द्र ने जीआरपी को सूचना दी कि मेरी बच्ची शगुन अग्रहरी उम्र 7-8 वर्ष लगभग जो सर्कुलेटिंग एरिया से कही खो गयी है। इस सूचना के मध्यनजर तत्काल टीम बनाकर बच्ची की तलाश स्टेशन परिसर में शुरू कर दी गयी।

पार्सल ऑफिस के तरफ लोहता साईड पर उस बच्ची को रोते हुए बरामद कर लिया गया। तदुपरांत बच्ची को थाने पर लाकर उसके माता नीशा अग्रहरी पत्नी जितेन्द्र अग्रहरी को सपुर्द किया गया। टीम द्वारा बच्ची को मात्र 45 मिनट के अन्दर खोज लिया गया। महिला व उसके परिवारजनों ने बच्ची के सकुशल बरामद किए जाने पर जीआरपी वाराणसी की टीम का बेहद शुक्रिया अदा किया। बच्ची को बरामद करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हेमन्त सिंह थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी, म0हे कांमधु श्रीवास्तव, हे0कां अखनी सिंह, हे0कां अनिरुद्ध साहनी थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी आदि शामिल रहे।

## अदालत में तारीख पर नहीं पहुंचे, पुलिस ने तीन वारंटी किए गिरफ्तार

पुलिस हिरासत में दबोचे गए वारंटी।

**तरुणमित्र न्यूज**

**खेतासराय।** स्थानीय पुलिस ने विभिन्न विवादों में न्यायालय में तारीख पर नहीं पहुंचने वाले तीन लोगों के न्यायालय से वारंट होने पर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया ने न्यायालय के आदेश पर रामअजोर पुत्र रामराज निवासी लतीफपुर, इकराम पुत्र अहमद निवासी सैद गोगरी, मोहन पुत्र रामजीत निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय को तारीख पर नियत समय पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर, न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार वारंट जारी किया। वारंट जारी होने पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, अनिल कुमार पाठक, हेड कांस्टेबल शिवगोविन्द यादव, अम्बिका यादव, कांस्टेबल रामकुमार यादव समेत अन्य लोगों रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**तरुणमित्र न्यूज**

**मुंगराबादशाहपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सतहरिया गंगा सागर मिश्र द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त नीरज सरोज पुत्र जुलुम सरोज निवासी मादरडीह को रविवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे मय हमराह दबिश देकर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दिया गया है। इस सम्बन्ध प्रेस को जारी विज्ञप्ति में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने बताया है कि सतहरिया चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र को मुखबिर खास से सूचना मिली कि मुकदमा अपराध संख्या 281/2024 भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(2), 305 (॰) व 317 ( सी ) का वांछित आरोपी नीरज सरोज अपने घर आया है। यदि तुरंत दबिश दी जाए तो वह गिरफ्तार किया जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास करते हैं चौकी प्रभारी सतहरिया गंगा सागर मिश्र मय हमराह का0 धर्मेन्द्र सिंह, गोविन्दा चौहान व भीम भारद्वाज के साथ दबिश देकर वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेज दिया गया।

## तीन लोगों ने मिलकर उड़ाया स्विफ्ट डिजायर कार

**सुजानगंज।** मध्य प्रदेश के रीवा जनपद निवासी राजकुमार मिश्रा की स्विफ्ट डिजायर कार तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा छीन लेने का समाचार प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार मिश्रा पुत्र रामनरेश मिश्रा निवासी डीही थाना चाकघाट जिला रीवा मध्य प्रदेश प्रयागराज के चौकी स्टेशन पर किराए पर अपनी गाड़ी चलाते थे। घटना शनिवार की है रात में राजकुमार पार्किंग में अपनी गाड़ी लगाकर खड़े थे। तीन लोग आए और मुंगरा बादशाहपुर चलने की बात किए। 2000 में बात हो गई। राजकुमार तीनों को बिठाकर चल दिए मुंगरा बादशाहपुर पार करने के बाद सुजानगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमरपुर नहर पुल के पूरब नहर पटरी पर लगभग 500 मीटर आगे जाकर राजकुमार को मारपीट कर उतार दिया और उनका मोबाइल भी छीन कर कार सहित फरार हो गए। भुगतभोगी द्वारा लिखित तहरीर सुजानगंज थाने पर दिया। इस संदर्भ में पूछने पर एस एस आई विद्यासागर ने बताया कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के लिए टीम गठित कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# आईआईटी (बीएचयू) में नव-निर्मित कैफेटेरिया का निदेशक ने किया लोकार्पण

- रीडिंग कॉर्नर नामक जगह पर प्रेरणादायक और आत्म-विकास पर केंद्रित पुस्तकें भी मिलेंगी

आईआईटी बीएचयू में नवनिर्मित कैफेटेरिया का उद्घाटन करते निदेशक प्रो अमित पात्रा

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** बहुप्रतीक्षित नव-निर्मित आईआईटी (बीएचयू) कैफेटेरिया का लोकार्पण निदेशक प्रो अमित पात्रा ने संस्थान के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में रविवार को किया। कैफेटेरिया के समन्वयक प्रो अमित त्यागी ने जानकारी दी कि यह पुनर्निर्माण संस्थान द्वारा छात्रों और स्टाफ के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस नव-निर्मित कैफेटेरिया को आधुनिक सुविधाओं के साथ आरामदायक और उपयोगी बनाते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजन किफायती दरों पर उपलब्ध कराए गए हैं, जो छात्रों, शोधार्थियों और कर्मचारियों की विविध आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

इस अवसर पर निदेशक प्रो. अमित पात्रा ने कहा कि यह नव-निर्मित कैफेटेरिया केवल भोजन का स्थान नहीं है, बल्कि यह परस्पर संवाद, विचारों के आदान-प्रदान और सामुदायिक भावना को मजबूत करने का केंद्र बनेगा। इस प्रकार की साझा सुविधाएं हमारे परिसर की अकादमिक और सांस्कृतिक जीवंतता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि इस कैफेटेरिया की एक विशेषता यह है कि इसमें 'रीडिंग कॉर्नर' नामक एक विशेष स्थान विकसित किया गया है, जिसमें प्रेरणादायक और आत्म-विकास पर केंद्रित पुस्तकें उपलब्ध हैं। छात्र इस कोने में पुस्तक दान करके साझा अध्ययन और व्यक्तिगत विकास की संस्कृति को प्रोत्साहित कर सकते हैं। आधुनिक सुविधाओं और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण के साथ यह कैफेटेरिया छात्रों, शोधार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक ऐसा स्थान बन जाएगा, जहां वे न केवल विश्राम कर सकें, बल्कि एक-दूसरे से जुड़कर विचारों का आदान-प्रदान कर सकें—इस प्रकार आईआईटी (बीएचयू) परिवार की भावना को और अधिक सशक्त बनाएगा। इस आयोजन में डीन फैकल्टी अफेयर्स प्रो एन.के. मुखोपाध्याय, डीन स्टूडेंट्स अफेयर्स प्रो राजेश कुमार, प्रो इन्चार्ज प्रो रंजीत महंती, चेयरमैन, आईडब्ल्यूडी प्रो एस.बी. द्विवेदी, चेयरमैन, काउंसिल ऑफ वॉर्डन प्रोफेसर राकेश कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो। संजय सिंह, प्रो एस.के. श्रीवास्तव, प्रो आभा मिश्रा, जीटीएसी प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ मेघांशु वशिष्ठ (अध्यक्ष), डॉ वी. एन. लाल एवं डॉ मेधा झा (सदस्य), प्रदीप कुमार दुबे (सदस्य सचिव), छात्रगण और संस्थान के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## चाचा अपनी सगी भतीजी को लेकर फरार, क्षेत्र में फैली सनसनी

**बरसठी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति अपनी सगी भतीजी को लेकर फरार हो गया। घटना के बाद गांव और आसपास के इलाकों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है, लोग जगह-जगह इस घटना को लेकर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति का अपनी करीब 20 वर्षीय भतीजी से लंबे समय से करीबी संबंध था। 20 अप्रैल की दोपहर करीब 3 बजे वह भतीजी को लेकर कहीं चला गया, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरसठी प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि पुलिस हर पहलु से मामले की छानबीन कर रही है और फरार व्यक्ति की तलाश जारी है। सूत्रों की मानें तो आरोपी व्यक्ति का पूरा परिवार भी घर छोड़कर फरार हो चुका है, जिससे मामला और भी संदिग्ध बन गया है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिला रही है।

## कटर मशीन में उतरे बिजली करेंट से मिस्त्री की मौत

**थानागद्दी।** चन्दवक थाना क्षेत्र के लबेरुआ गांव में रविवार की सुबह मे एक व्यक्ति के घर फर्नीचर का काम कर रहे मिस्त्री की कटर मशीन मे करेंट उतरने से मौत हों गयी। चन्दवक थाना क्षेत्र के चकरा गांव निवासी शिवा कुमार ने चन्दवक थाना में सूचना दिया। कि उसके पिता संजय कुमार की बिजली करेंट की चपेट मे आने से मौके पर मौत हों गयी। मृतक संजय कुमार फर्नीचर का काम करता था। जो लबेरुआ गांव में सोनू यादव के घर फर्नीचर का काम कर रहे थे जिस दौरान कटर मशीन मे करेंट आने से बुरी तरह झुलस गये और मौके पर ही मौत हों गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## शादी से पूर्व प्रेमी के साथ युवती फरार, मुकदमा दर्ज

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती शादी के पूर्व ही अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। पीड़ित पिता द्वारा मुंगरा बादशाहपुर पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसने अपनी बालिग पुत्री की शादी आगामी 31 मई को तय किया है और उसकी पुत्री शादी के पहले ही बीते 6 मई की रात करीब दो बजे घर से गायब हो गई।

जिसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया है। उसके मोबाइल फोन पर भी एक फोन आया तथा उसने बताया कि वह जिस मोबाइल फोन से बात कर रही है उसी के साथ घर से चली आई है। पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक मुंगरा बादशाहपुर दिलीप कुमार सिंह का कहना है कि संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही की जा रही है।

# भारतीय सैनिकों के सम्मान में निकाली गई शौर्य यात्रा

- प्रसिद्ध दियावा महादेव धाम पर हुआ कार्यक्रम
- भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में शौर्य यात्रा का हुआ आयोजन

शौर्य यात्रा निकालते लोग।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मछलीशहर।** पहलगांव आतंकी हमले के बाद जारी भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध में भारतीय जवानों ने पाकिस्तान के अंदर घुस कर आतंकवादियों के ठिकानों को तबाह कर दिया। और भारतीय सेनाओं के शौर्य के आगे पाकिस्तान अपने घुटनों पर आ गया।जिससे सीजफायर करने पर पाकिस्तान मजबूर हो गया।

ऐसे वीर सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र स्थित बसुही नदी से लेकर प्रसिद्ध दियावा महादेव धाम तक शौर्य यात्रा निकाली। जिसमें क्षेत्र के कई सम्मानित लोग व भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। उपस्थित लोगो ने भारतीय सैनिक जिंदाबाद, भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे गगनभेदी नारों के साथ अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रेश तिवारी ने बताया कि देश के नागरिक हमारे सजग सैनिकों के कारण ही सुरक्षित है। और उनके युद्ध कौशल के कारण ही आज पाकिस्तान बैकफुट पर है। पूरा देश आज अपने देश के जवानों के प्रति ऋणी है। कार्यक्रम में युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए वीर सैनिकों के प्रति मौन रखकर श्रद्धांजलि भी अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी जगतारण गुप्ता, बलराम पांडेय, मंडल अध्यक्ष भाजपा मुकेश सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रेश तिवारी,जेपी मिश्र,बूथ अध्यक्ष विनय शुक्ल, अजय तिवारी, दीपक पांडेय, अवधेश शुक्ल,अमन पांडेय सहित भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र के सम्मानितजन मौजूद रहे।

# दो आरोपियों का शांतिभंग में चालान

पुलिस हिरासत में आरोपी।

**खेतासराय।** आपस में लड़ाई झगड़ा करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग लड़ाई झगड़ा कर शांतिभंग करने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अभिषेक केवट पुत्र राजेन्द्र केवट निवासी लतीफपुर थाना खेतासराय व सूरज मोर्य पुत्र रामसबद मौर्य निवासी बुढ़नपुर मरहट थाना खुटहन जनपद जौनपुर बताए हैं। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया आपस में विवाद के मामले में लिखापढ़ी के बाद दोनों आरोपियों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के साथ उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, अशोक कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल राकेश यादव, कांस्टेबल हरखनाथ यादव, नीरज कुमार, अभिषेक कुमार समेत अन्य लोग रहे।

# सुबसा कताई मिल का खंडहर गिरने से दो बच्चों की दर्दनाक मौत

- मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला राहत कार्य में जुटा
- जेसीबी से मलवा हटा कर दबे बच्चों का निकाला गया शव

मिल भवन के अवशेष को ध्वस्त करते प्रशासन के लोग।

**तरुणमित्र न्यूज**

**रतनपुरा ( मऊ )।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिलौझा ग्राम पंचायत में रतनपुरा भीमपुरा मार्ग पर अवस्थित सुबसा कताई मिल जो लगभग पिछले 4 दशकों से बंद चल रही थी। रविवार की प्रातः लगभग 9 बजे जब गांव के बच्चे आम बीनने एवं बकरी चराने के लिए वहां पहुंचे और बच्चे बंद मिल के खंडहर में खेल रहे थे उसी समय अचानक मिल की छत एवं दीवार भरभरा कर गिरने लगी जिसमें दो बच्चे तो मौके से भाग गए लेकिन दो बच्चे दीवार और छत की चपेट में आ गए और उनकी दर्दनाक मौत हो गई। साथ के दोनों बच्चे जब भाग कर घर पहुंचे तो उन्होंने घटना की जानकारी दी। यह खबर जंगल की आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए शिवम 10 वर्ष पुत्र शिव शंकर राजभर को तो तुरंत उसे मलवे से निकलकर जोगापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मलवे में दबे 10 वर्षीय निहाल का शव बड़ी मशक्कत के पश्चात निकाला गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों बच्चों की मौत से गांव में मातम पसर गया, परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल रहा। घटना की जानकारी होते ही थानाध्यक्ष हलधरपुर, सीओ मधुबन, एडिशनल एसपी, एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार समेत बड़ी संख्या में प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच कर स्थिति की जानकारी ली। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोगापुर से दोनों मृत्यु बच्चों का शव लेकर उनके परिजन घर आ गए। शव के घर आने की सूचना पर पूरा प्रशासनिक कमल उन दोनों बच्चों के घर पहुंचा और परिजनों से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने सुबसा मिल के अवशेष भाग जो खड़ा है उसे भी गिरने की मांग प्रशासन से की। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने मिल के शेष बचे खंडहर को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया।

मृत बच्चा शिवम दो भाई और एक बहन है बड़ी बहन पुष्पा 15 वर्ष और छोटा भाई संतोष 5 वर्ष का है शिवम के पिता शिव शंकर मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं शिवम की माता पुष्पा देवी बहन रीना एवं भाई संतोष कुमार 5 वर्ष का रोते-रोते बुरा हाल है। दूसरा मृतक 10 वर्षीय बच्चा निहाल पुत्र बाबूलाल अपने 5 वर्षीय छोटे भाई अरुण के साथ आम बिनने एवं बकरी चराने गया था लेकिन मौके से वह भाग निकला और घर जाकर सूचना दिया।

## इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते परिषदीय विद्यालय प्राइवेट विद्यालयों से अच्छे बन चुके हैं: मनोज राय

- स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विचार विमर्श संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह सम्पन्न
- सैकड़ों सेवानिवृत शिक्षकों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

सम्मान समारोह में संयुक्त सचिव को मोमेंटो देकर सम्मानित करते बीएसए।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मऊ के तत्वाधान में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विचार विमर्श संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह एस.आर.प्लाजा भुजौटी में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक सेवानिवृत शिक्षकों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार राय जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि योगी जी की सरकार ने प्रदेश के बेसिक शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन किया है। विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत ही बड़े पैमाने पर काम हुआ है और परिषदीय विद्यालय प्राइवेट विद्यालयों से अच्छे बन चुके हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने सभी सेवानिवृत शिक्षकों को शुभकामनाएं दी और यह कहा कि जनपद के बेसिक शिक्षक बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं और आगे उनकी जो भी समस्याएं होंगी उनके समाधान का प्रयास करूंगा। वेदप्रकाश राय संयुक्त सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ ने भी सभा को संबोधित करते हुए मऊ की बेसिक शिक्षा में हुए कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि जिले के विभाग के मुखिया जब शिक्षकों की तारीफ करते हैं तो बड़ी प्रसन्नता होती है। संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह ने भी बेसिक शिक्षा को नींव का पत्थर बताया और यह कहा किया अगर पाकिस्तान की बेसिक शिक्षा भी भारत जैसी अच्छी होती तो मुल्क इतना पिछड़ा और आतंकवादी नहीं होता।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने यह कहा कि हमारे जिले के बहुत से विद्यालय इतने अच्छे हैं कि वहां के कार्यरत शिक्षकों पर कोई चाह कर भी उनके विरुद्ध कार्यवाही नहीं कर सकता। इससे सभी शिक्षकों को सीख लेकर अच्छा कार्य करने की आवश्यकता है। इससे पूर्व कार्यक्रम के संयोजक कृष्णानंद राय जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और यह कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षा की गुणवत्ता के प्रति भी उतना ही प्रयासरत रहता है जितना कि शिक्षकों के मान सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष चंद्र यादव जिला सेवानिवृत कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया और संचालन रविशंकर यादव ने किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षकों के अलावा संजय कुमार द्विवेदी, सुशील कुमार पाण्डेय, रवि शंकर यादव, अंजनी कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह को भी सम्मानित किया गया। प्रा वि कइयाँ के बच्चों को जिन्होंने प्रदेश स्तर पर योग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है उनको भी मंच पर अतिथियों ने माल्यार्पण कर आशीर्वाद दिया तथा आगे बढ़ने की कामना की और उनके प्रशिक्षक अंजनी कुमार सिंह की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राशिद जमाल, सुरेंद्रनाथ यादव, रजनीश कुमार पांडे, डॉ शाहनवाज ,धीरेंद्र कुमार राय, जयशंकर यादव, घनश्याम यादव, मनमोहन पांडेय, रामकेर यादव, दिनेश कुमार, गजाधर यादव, शिवानंद राय, राधेश्याम राम, शशिकला पांडेय, सुमन राय, ममता शर्मा, मंजुलता पांडे, अनीता यादव ,मनोरमा सिंह, रंजना मिश्रा आदि सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

## शादी के टेंट में उतरे करेंट की चपेट में आकर किशोर की मौत

- पिता की तहरीर पर पुलिस ने रपट लिख शव को भेजा मर्चरी हाउस
- युवक के निधन से परिवार में कोहराम, मां-बहन के रोते-रोते बुरा हाल

युवक के निधन पर बिलखते भाई, बहन व मां।

**तरुणमित्र न्यूज**

**चिरैयाकोट ( मऊ )।** थाना क्षेत्र के सचुई बेलभद्र गांव में रविवार के प्रातः निमंत्रण में आये 16 बर्षीय किशोर बिजली के चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया जिसे लोग रानीपुर सीएचसी पर पहुंचे जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक के मौत की सूचना गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इधर परिजन शव को लेकर चिरैयाकोट थाने पहुंचे जहां इत्तेफाकिया घटना की तहरीर दी। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के ग्राम सरसेना निवासी 16 वर्षीय किशन पुत्र मनोज रविवार को समीप के गांव सेचुई बेलभद्र में रामनिवास यादव के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। समारोह स्थल पर वह टेंट में खड़ा था कि अचानक तेज हवा चलने लगी, जिससे टेंट का लोहे का पाइप पास से गुजर रही बिजली की तार से टकरा गया। पाइप में करंट उतर आया और किशन उसकी चपेट में आकर अचेत हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीपुर मे भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पीडित मनोज के दो बेटा और दो बेटियों सहित चार बच्चों से हरा भरा परिवार था। मनोज मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री से मिलकर आईपीएस अधिकारी ने राणा प्रताप की प्रतिमा हेतु जताया आभार

**तरुणमित्र न्यूज**

महाराणा प्रताप की प्रतिमा लिये मुख्यमंत्री संग आईपीएस अधिकारी अनिल सिंह।

***मुहम्मदाबाद गोहना ( मऊ )।*** *स्थानीय ब्लॉक के देवलाश्रम देवलास में शासन द्वारा महाराणा प्रताप की चेतक पर सवार प्रतिमा लगाने की स्वीकृति मिली है। इसके लिए लंबे समय से मांग कर रहे महाराणा प्रताप संस्कृति एवं सामाजिक नवचेतना संस्थान की तरफ से इस अभियान के अगुवा भदीड़ गांव निवासी इटावा में आईपीएस अधिकारी अनिल सिंह सिसोदिया ने शुक्रवार की देर शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही प्रतिमा लगाये जाने के बाद उनके कर कमलों द्वारा अनावरण का निवेदन किया। मुख्यमंत्री ने कार्य की सफलता हेतु शुभकामनाओं सहित लोकार्पण का आश्वासन दिया। गौरतलब हो कि संगठन व क्षेत्रीय लोंगो द्वारा पिछले तीन वर्षों से देवलास के स्मारक स्थल पर महाराणा प्रताप की चेतक पर सवार कांस्य प्रतिमा लगाये जाने की मांग की जा रही थी। अंततः बुधवार को उत्तर प्रदेश शासन की संयुक्त सचिव उमा द्विवेदी ने बुधवार को संस्कृति निदेशालय को इस आशय का निर्देश पत्र निर्गत कर दिया। इसका क्षेत्र में बहुत स्वागत किया गया। इसी क्रम में आईपीएस अनिल सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर आभार जताया और उन्हें बताया कि उक्त स्थान पर 1984 में स्थापित पुरानी प्रतिमा का लोकार्पण उनके पूज्य ब्रह्मलीन गुरु व गोरक्ष पीठ के तत्कालीन महंत अवैद्यनाथ ने किया था। इसलिए क्षेत्रीय लोंगो की हार्दिक इच्छा है कि इस नवीन कांस्य प्रतिमा को लगाये जाने के बाद इसका लोकार्पण गोरक्ष पीठ के वर्तमान महंत व उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही करें। इस आग्रह पर मुख्यमंत्री ने हर्ष प्रकट करते हुये लोकार्पण का भरोसा दिलाया।*

### स्कूल चलो अभियान को रोटरेक्ट क्लब प्राइड ने किया सहयोग

**तरुणमित्र न्यूज**

स्कूल चलो अभियान नुक्कड़ नाटक को देखते स्कूली बच्चे।

***मऊ।*** *पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सुल्तानीपुर शिक्षा क्षेत्र रानीपुर जनपद मऊ मे पूर्व सूचना के आधार पर स्कूल चलो अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम सुलतानीपुर मोड ध्चट्टी पर आयोजित किया गया। जिसमें संगीत नाटक के माध्यम से परिषदीय विद्यालय पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय सुल्तानीपुर में नामांकन एवं समान रूप से बालक बालिका के शिक्षा पर बोल दिया गया। स्कूल चलो अभियान के तहत किए गए कार्यक्रम में रोटरेक्ट क्लब प्राइड का भी भरपूर साथ मिला। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शिव शंकर राम ने विद्यालय की उपलब्धियां को बताया एवं नामांकन हेतु लोगों से अपील किया। उन्होंने ने रोटारैक्ट क्लब प्राइड मऊ के साथियों के योगदान की भी सराहना किया। उन्होंने बताया कि लगातार 2020 से विद्यालय से मंडल स्तर तक खेल खुद के बच्चे प्रतिभा कर रहे हैं और पिछले सत्र में राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा में हमारे विद्यालय से तीन बच्चे चयनित हुए थे। इस बार कुल 8 बच्चे चयनित हुए हैं। जिसमें रोटरेक्ट क्लब प्राइड का एक बड़ा सहयोग है।*

*क्लब द्वारा कदम से कदम मिलाकर चल रहे व सहयोग प्राप्त होने से विद्यालय दिन पर दिन निखरता जा रहा है। प्रधानाध्यापक द्वारा बताए गए विद्यालय की उपलब्धियां को सुनकर अभिभावकगणों ने खुशी जाहिर की तथा आश्वासन दिलाया कि हम अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में अवश्य करायेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक अभिभावक एवं बच्चों के साथ रोटरेक्ट क्लब प्राइड प्रतिनिधि आकाश इत्यादि उपस्थित रहे। अभिभावकों द्वारा आश्वासन दिलाया कि हम अपने बच्चों का नामांकन पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सुल्तानीपुर में अवश्य करायेंगे।*

## सर्राफा कारोबारी पंकज वर्मा के ऊपर जानलेवा हमला पर समिति में आक्रोश

**सर्राफा व्यवसाई के हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग**

समिति कार्यालय पर बैठक करते सर्राफा व्यवसायी।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** सर्राफा सेवा समिति की बैठक रविवार को महावीर काम्प्लेक्स स्थित कार्यालय पर आयोजित हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष मनीष सर्राफ ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा की कल घोसी में हर्ष ज्वैलर्स के मालिक पंकज वर्मा के ऊपर जानलेवा हमला कर अपराधियों द्वारा बुरी तरह घायल कर देना और फरार हो जाना और घोसी पुलिस द्वारा अभी तक उनको न पकड़ पाना ये घोर लापरवाही को दर्शाता है। हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार किया जाना नितांत आवश्यक है।

व्यवसाइयों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी का शख्त आदेश की किसी भी अपराधियों को छोड़ा न जाये। ऐसे में योगी जी के बगल के जिले इस तरह की घटना बहुत शर्मनाक है। महामंत्री कर्ण शांडिल्य ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहाकि पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द उन अपराधियों को गिरफ्तार करे नहीं तो पूरे जिले में सर्राफा ब्यापरियो द्वारा इसका विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस बैठक में नगर के समाजसेवी और व्यापार मंडल के पदाधिकारी गोपाल बरनवाल के निधन पर शोक सभा करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

इस बैठक में नगर अध्यक्ष कन्हैया वर्मा, निखिल वर्मा, नगर मंत्री मनोज वर्मा, एडवोकेट प्रयाग वर्मा, त्रिभुवन वर्मा, हरिओम वर्मा आदि सर्राफा ब्यापारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं के आंदोलन पर जिलाधिकारी ने तबादले की कार्रवाई की

- घोसी एसडीएम व तहसीलदार स्थानान्तरण पर गये मुहम्मदाबाद गोहना
- एसडीएम न्यायिक व नायब तहसीलदार को मिली मधुबन में तैनाती

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** घोसी तहसील में लंबे समय से चल रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन ने आखिरकार रंग दिखा दिया है। प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए तहसील में अधिकारियों के तबादले की लिस्ट जारी किया है। डीएम प्रवीण मिश्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार घोसी एसडीएम अभिषेक गोस्वामी और घोसी के तहसीलदार शैलेन्द्र सिंह को मुहम्मदाबाद गोहना स्थानांतरित किया है। एसडीएम अभिषेक गोस्वामी का कार्यकाल लगभग 6 महीने रहा। उप जिलाधिकारी (न्यायिक) घोसी राजेश कुमार अग्रवाल को मधुबन तहसील के नए एसडीएम के रूप में तैनाती मिली है। जबकि घोसी के नायब तहसीलदार निशांत मिश्र को घोसी से मधुबन भेजा गया है।

वही पूर्व में एसडीएम रहे आनंद कनौजिया को पुनः घोसी एसडीएम की तैनाती मिली है। अशोक कुमार सिंह को घोसी में एसडीएम न्यायिक के पद पर भेजा गया है। मधुबन में तैनात तहसीलदार धर्मेंद्र पाण्डेय को अब पुनः घोसी के तहसीलदार के रूप में तैनाती मिली है। बता दे कि इससे पहले आनंद कन्नौजिया एसडीएम घोसी व धर्मेंद्र पाण्डेय तहसीलदार घोसी में रह चुके हैं।

पूर्व शासकीय अधिवक्ता दिनेश राय ने इसे अपने आंदोलन की सफलता बताते हुए कहा कि 'यह सिर्फ स्थानांतरण नहीं, बल्कि अधिवक्ता समाज की आवाज की जीत है। अब अधिवक्ताओं का सम्मान सुरक्षित है और न्याय की पुनरू स्थापना हुई है।' डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री रितेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि 'हमने शांतिपूर्ण आंदोलन के माध्यम से जो मांग रखी थी, प्रशासन ने उस पर संज्ञान लेकर सार्थक कार्रवाई की है। यह अधिवक्ता समाज की एकजुटता की जीत है।'

प्रशासनिक फेरबदल के बाद अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। बताया जा रहा है कि यह फेरबदल अधिवक्ताओं के लगातार विरोध और प्रशासन पर दबाव के चलते माना जा रहा है। अब देखना यह है कि क्या आमजन के समस्याओं के निस्तारण व कारवाई में कितना बदलाव धरातल पर नजर आता है।

आनंद कनौजिया पुनः घोसी एसडीएम का कार्यभार संभालेंगे। अशोक कुमार सिंह को घोसी में एसडीएम न्यायिक के पद पर भेजा गया है। वहीं मधुबन में तैनात तहसीलदार धर्मेंद्र पाण्डेय अब पुनः घोसी के तहसीलदार होंगे। इससे पहले आनंद कन्नौजिया और धर्मेंद्र पाण्डेय घोसी में रह चुके हैं।

## लकी फार्मा के प्रोपराइटर के आकस्मिक निधन से व्यापार मंडल दुखी

*उमाशंकर ओमर व मनोज राय ने परिवार से मिल बंधाया ढांढस*

श्मशान घाट पर जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, उमाशंकर ओमर सहित अन्य लोग।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** लकी फार्मा के प्रोपराइटर गोपाल कृष्ण बरनवाल का शनिवार के दिन नगर क्षेत्र स्थित निजी अवास पर निधन हो गया। अत्यंत ही सौम्य एवं व्यवहार कुशल व्यापारी 57 वर्षीय गोपाल कृष्ण बरनवाल ने कठोर परिश्रम करके व्यापारिक क्षेत्र में अपना मुकाम हासिल किया था। उनके एक इंजीनियर पुत्र हैं जो बेंगलुरु में पोस्टेड है। तथा एक पुत्री भी है। स्व.बरनवाल का अंतिम संस्कार तमसा नदी तट स्थित ढेकुलिया श्मशान घाट पर रविवार को किया गया। दाह संस्कार के अवसर पर भारी संख्या में राजनीतिक लोग, व्यापारी, रिश्तेदार, नातेदार एवं शुभचिंतक शामिल रहे।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर ने बताया की दिवंगत गोपाल कृष्ण बरनवाल लाइलाज बीमारी से पीड़ित थे। जिसकी जानकारी तीन माह पहले जांच में हुई थी जिसका उपचार दिल्ली में इलाज चल रहा था। परंतु तमाम कोशिशों के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन से व्यापारी जगत में काफी दुख है।

व्यापारी नेता श्री ओमर ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना किया कि ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। तथा पारिवारिक जनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

स्व.बरनवाल के निधन का समाचार सुनकर उनके आवास पर पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। स्व.गोपाल कृष्ण के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुये श्री राय ने कहा कि सौम्य स्वभाव व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी असमय काल के गाल में समा गये। व्यापार के क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में स्व.बरनवाल अपनी भूमिका निभाते रहे। उनका राजनीतिक व्यक्तियों से भी संपर्क रहा जिनके जरिये समाज हित के लिये समय-समय पर जनहित के मुद्दे को लेकर प्रयासरत रहा करते थे।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्रान्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

# चोरी की मोटर सायकिल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**तरुणमित्र न्यूज़**

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृ पा शंकर व क्षेत्राधिकारी सदर मो0 उस्मान के निकट पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष अजय कुमार त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में रविवार को थाना फेफना पुलिस टीम के उ0नि0 शिवम कुमार वर्मा मय हमराह के साथ सेमरा घाट मोड सागरपाली में संदिग्ध व्यक्तियो वाहनो की चेकिंग कर रहे थे कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल से आता हुआ दिखाई दिया कि पुलिस टीम द्वारा रोका जाने लगा तो वह गाड़ी को मोडकर भागने की कोशिश किया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़ कर भागने का कारण एंव नाम पता पूछा गया तो अपना नाम गोविन्द साहनी पुत्र झगरु साहनी निवासी सागरपाली थाना फेफना जनपद बलिया बताया। गाड़ी के बारे मे पूछने पर इधर उधर की बात बताने लगा मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस टूटा हुआ नम्बर प्लेट जिसपर यूपी 60 एक्यू 97 अंकित है पीछे कोई भी नम्बर प्लेट अंकित नही है।

मोटर साइकिल पर अंकित चेचिस नं0 MBLHA 10 EEAHG 15625 से ई-चालान के माध्यम से चेक करने पर मोटर साइकिल का वास्तविक नं0 जीजे 10 एस 4490 वाहन स्वामी का नाम राजकुमार राम गुप्ता पुत्र अंतु प्रसाद गुप्ता निवासी शेरपुर खुर्द, शेरपुर कलां थाना भावरकोल जनपद गाजीपुर अंकित होना पाया गया उपरोक्त पकडे गये व्यक्ति से कडाई से पूछने पर बताया कि उक्त मोटर साइकिल मैने यूसुफपुर रेलवे स्टेशन गाजीपुर से चोरी किया था और टूटी हुई दूसरा नम्बर प्लेट लगाकर चला रहा था। अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-109/25 धारा 41,317(2), 319(2), 318(4) बीएनएस में हिरासत पुलिस मे लिया गया। अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## असंतुलित ई-रिक्शा पलटा, एक रेफर

**तरुणमित्र न्यूज़**

**सिकंदरपुर (बलिया)।** मनियर मार्ग पर सिसोटार चट्टी के समीप असंतुलित होकर ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो गया।जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस व उपस्थित लोगों ने एम्बुलेंस बुलाकर उसे सिकंदरपुर सामुदायिक केंद्र पहुँचाया। जानकारी के अनुसार अरविंद चौहान उर्फ घुलटू पुत्र कामता चौहान उम्र 50 वर्ष सिकंदरपुर से ई रिक्शा पर सवारी लेकर सिसोटार चट्टी पर पहुंचा तभी ई-रिक्शा का टायर फट जाने के कारण ई रिक्शा असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमे चालक घुलटू चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए,वही यात्रियों को भी चोटे आयी।

प्रत्यक्ष दर्शी सिसोटार निवासी नीरज राय ने बताया कि चौहान के पेट में रॉड धंस जाने के कारण काफी खून बह रहा था। सूचना पर पहुँची पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल पहुँचाया। जहाँ डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बलिया रेफर कर दिया।

# पांच वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तरुणमित्र न्यूज़**

**बेल्थरा रोड (बलिया)।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अनिल कुमार झा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रसड़ा आलोक कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व में सोमबार को थाना नगरा पुलिस टीम के थानाध्यक्ष कौशल पाठक, उ0नि0 छुन्ना सिंह मय हमराह के साथ मा0 न्यायालय सी.जे.एम. बलिया द्वारा निर्गत एनबीडब्लू वारण्ट आदेश के क्रम में कुल 05 नफर अभियुक्तगण को मु0न0 408/11 धारा 147, 149,323,452 भादवि सुगई बनाम उमेश आदि थाना नगरा में वारण्टी अभियुक्त चन्द्रमा पुत्र राम अवध निवासी मलप हरसेनपुर 60 वर्ष थाना नगरा बलिया मनोज पुत्र चन्द्रमा निवासी मलप हरसेनपुर 30 वर्ष थाना नगरा बलिया उमेश पुत्र रामसुख निवासी मलप हरसेनपुर थाना नगरा बलिया (45) तथा मु0नं0 1761/18 धारा 382 भादवि बनाम सुरेश आदि थाना नगरा में वारण्टी अभियुक्त गुड्डू 50 वर्ष पुत्र रामसागर निवासी रेकुआ नसीरपुर थाना नगरा, संजय 48 वर्ष पुत्र मोतीचन्द निवासी रेकुंआ नसीरपुर थाना नगरा बलिया को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### टैंपो व ई रिक्शा में जोरदार टक्कर चार घायल

*तरुणमित्र न्यूज़*

***बैरिया (बलिया)।*** *रानीगंज बाजार करके घर लौट रहे दो अधेड़ व दो बच्चों को लेकर जा रहा ई रिक्सा को सुरेमनपुर स्टेशन के तरफ से आ रही टेंपो ने सामने से टक्कर मार दिया। जिसमें चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा के चिकित्सकों ने तीन लोगों को प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया। जबकि एक 65 वर्षीय राजमुनि गोड़ को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। बता दें कि गोपालनगर निवासी राजमुनि गोड़ 65 वर्ष,रमिता देवी 65 वर्ष पत्नी सोमेश्वर प्रसाद, कामेश्वर कुमार गोड़ 12 वर्ष पुत्र सोमेश्वर प्रसाद, पिंकी 8 वर्ष पुत्री सोमेश्वर प्रसाद निवासी गण गोपालनगर से रानीगंज बाजार करने गए हुए थे।*

*बाजार करके वापस ई रिक्शा के द्वारा लौट रहे थे अभी पासवान चौक ही पहुंचे थे कि सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के तरफ से आ रहे टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दिया। ई रिक्शा मौके पर ही पलट गया और क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें चारों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। जहां से एक व्यक्ति राजमुनि 65 वर्ष को गंभीर चोट के कारण चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।*

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

*तरुणमित्र न्यूज़*

***सिकंदरपुर (बलिया)।*** *मनियर मार्ग पर मैनापुर मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार विजय कुमार 32 वर्ष पुत्र हीरालाल कनौजिया निवासी करीमुद्दीनपुर थाना गाजीपुर किसी मांगलिक के कार्यक्रम में शामिल होकर देर रात वापस लौट रहे थे कि मैनापुर मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में उनकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।*

### कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

*तरूणमित्र न्यूज*

***मीरजापुर।*** *माकू यूनियन कार्यकारिणी की एक बैठक प्रधान कार्यालय फतहा में रविवार को देर शाम हुई। सभा की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष राजेश कुमार दुबे ने किया।*

*सभाध्यक्ष द्वारा पूर्व सूचना और आज की एजेंडे पर चर्चा शुरू करने के आह्वाहन पर कार्यकारिणी बैठक में शामिल सदस्यों ने बारी बारी से चर्चा की। कार्यकारिणी सदस्यों को सुनते हुए सभाध्यक्ष राजेश दूबे एडवोकेट ने संबंधित को दिशा निर्देश देते हुए सभा समापन की घोषणा की। इस अवसर पर यूनियन के लगभग सभी सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।*

### रेल लाइन के समीप किशोरी का शव मिलने से सनसनी

*तरूणमित्र न्यूज*

***गाजीपुर।*** *पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी भटनी रेल मार्ग पर सैदपुर कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रफीपुर गांव के समीप रेल लाइन के किनारे संदिग्ध परिस्थिति में एक अज्ञात किशोरी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गयी। बताते चलें कि रविवार को सैदपुर के रफीपुर गांव के समीप कुछ ग्रामीण अपने मवेशियों को चरा रहे थे। तभी उन्हें रेल लाइन के किनारे एक किशोरी का शव दिखाई दिया।*

*उसके सिर के पीछे चोट के निशान थे और मौके पर खून फैला पड़ा था। सूचना पाकर पहुंची सैदपुर कोतवाली पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर, मर्चरी हाउस भेज दिया। किशोरी के शव को लेकर वहां लोग तरह तरह के अनुमान लगाते रहे। कुछ लोग उसे ट्रेन से गिरने की बात तो कुछ लोगों ने हत्या की भी आशंका जताई। वहीं लोग इस बात की भी चर्चा करते रहे कि अब सत्यता तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी।*

# लूट के माल, असलहे व चोरी की बाइक के साथ दो लूटेरे गिरफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**गाज़ीपुर।** ग्राहक सेवा केन्द्र पर लूट करने वाले दो शातिर लूटेरों को खानपुर थाना पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटे गये रुपयो में से 30050 रुपये, एक स्वाइप मशीन, एक केवाईसी मशीन, एक मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक तमंचा मय जिन्दा कारतूस .315 बोर व एक चोरी की मोटरसाइकिल बिना नम्बर की बरामद कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में शिवा विश्वकर्मा उर्फ पुल्लु पुत्र संतोष विश्वकर्मा निवासी ग्राम घोघवा थाना खानपुर जनपद गाजीपुर तथा बृजेश विश्वकर्मा उर्फ चिरंजीव पुत्र स्व0 सत्य नारायण विश्वकर्मा निवासी ग्राम कुसुम्ही थाना चन्दवक जौनपुर रहे। बताते चलें कि गत छह तारीख को ग्राहक सेवा केन्द्र से लूटेरों ने लूट की थी। उसके सम्बन्ध में खानपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस लूटेरों की सुरागरसी में लगी हुई थी।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मठसरैया गाँव की नहर पुलिया के पास बैठकर लूटेरे लूट के माल को बाँट रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा एकाएक दबिश देकर रविवार को मठसरैया गाँव के नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं उनसे लूटे गये रुपयो में से 30050 रुपये नगद व मशीनादि सामग्री, एक तमंचा व जिन्दा कारतूस .315 बोर व चोरी की बिना नम्बर की बाइक बरामद हुआ।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी। लूटेरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष खानपुर शैलेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह, उपनिरीक्षक बासदेव प्रसाद मय हमराह व उपनिरीक्षक कमल भूषण राय मय हमराह थाना खानपुर जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

# बिजली विभाग ने दो जगहों पर की औचक छापेमारी

**तरूणमित्र न्यूज**

**मीरजापुर।** पूर्वांचल विद्युत वितरण विंध्याचल मंडल के अधीक्षण अभियंता रामदास के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने शनिवार को नगर के घुरूहूपट्टी व देहात कोतवाली के जिगनाबारी में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चार लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया जबकि 42 उपभोक्ताओं के बकाए में कनेक्शन काट दिए गए।

इस दौरान आठ लाख एक हजार रुपये बकाया बिल जमा कराया गया। एसी के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता नगर मनीष कुमार श्रीवास्तव, वाराणसी के अधिशासी अभियंता आशीष सिंह, दीपक पटेल सहित तीन एसडीओ व दस जेई सहित करीब 20 स्टाफ के साथ विद्युत चेकिंग करने टीम पहुंची। सबसे पहले घुरूहूपट्टी में अभियान चलाकर चेकिंग किया गया। इसके बाद जिगनाबारी में चेकिंग की गई। यहां पर कुल 180 उपभोक्ता है। इसमें 168 उपभोक्ताओं के यहां चेकिंग की गई। जिनसे आठ लाख एक हजार रुपये बकाया बिल जमा कराया गया वहीं 42 उपभोक्ताओं पर 11 लाख 80 हजार रुपये बिल बकाया होने पर उनके कनेक्शन काट दिए गए। चेतावनी दी कि बगैर बिल जमा किए कनेक्शन जोड़वाया गया तो उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया जाएगा। चार लोगों को बिजली की चोरी करते हुए पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। 20 लोगों के यहां स्मार्ट मीटर लगवाया गया। विभाग की इस कार्रवाई से उपभोक्ताओं धुकधुकी मची रही। अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंता नगर ने उपभोक्ताओं को चेताया कि जिनके यहां भी बिजली बिल बकाया है वे तत्काल जमा कर दें अन्यथा उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे। कोई भी उपभोक्ता विद्युत की चोरी करेगा तो उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## इनामियां गो तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायलावस्था में गिरफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**गाज़ीपुर।** थाना करण्डा एवं स्वॉट टीम की संयुक्त टीम ने पच्चीस हजार रुपए के इनामियां अंतर्जनपदीय शातिर गौतस्कर को पुलिस मुठभेड़ में घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एकखोखा व एक मोटरसाईकिल बरामद कर लिया। अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 10/11 मई की मध्य रात्रि को प्रभारी निरीक्षक करण्डा मय पुलिस टीम व स्वॉट प्रभारी मय टीम द्वारा थाना करण्डा से संबंधित एक मुकदमे के वांछित की तलाश में आरी पहाड़पुर पुलिया के पास मौजूद थे। वह समय चौकी प्रभारी खिजिरपुर एवं चौकी प्रभारी बड़सरा मय टीम द्वारा ग्राम जमुआंव के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया।

जब पुलिस टीम द्वारा उसे रुकने का इशारा किया गया तो वह असलहा लहराते हुए तेजी से आगे बढ़ गया। इसकी सूचना तत्काल जनपद नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) व प्रभारी निरीक्षक करण्ड़ा व स्वाट टीम को भी दी गयी। इस पर संयुक्त टीम द्वारा उक्त बदमाश को बड़सरा बाईपास ग्राम बड़सरा के पास घेर लिया गया। अपने को दोनों तरफ से घिरा देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई जिसके जवाब में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई तो बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने तत्काल उसे अपने कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक उर्फ गोलू यादव पुत्र अशोक यादव निवासी कोटिया धरम्मरपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर रहा,जो पच्चीस हजार रुपए का इनामिया है और गौ तस्करी में संलिप्त है। उसके विरुद्ध जनपद गाजीपुर एवं अन्य जनपदों में कई अन्य आपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं। उसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधि कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में समय की होती है बचतः विवेक वर्मा

**तरूणमित्र न्यूज**

**गाजीपुर।** जनपद न्यायालय गाजीपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवेक वर्मा द्वारा माँ सरवस्ती के मूर्ति पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रजव्वलित कर किया। माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवेक वर्मा द्वारा लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यह बताया गया कि लोक अदालत से जहाँ एक ओर समय की बचत होती है, वहीं लम्बे समय से लम्बित मामलों के त्वरित निस्तारण का यह एक अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन है।

जनपद न्यायाधीश धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा लोक अदालत के सफलता हेतु सभी अधिकारियों को अधिक से अधिक निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा सुलह समझौते के माध्यम से आपसी वैमन्यस्य को समाप्त करने का आवाह्न किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत शक्ति सिंह अपर जिला जज कोर्ट संख्या-1 द्वारा लोक अदालत के विषय में जानकारी देते हुए यह बताया गया कि ऐसे छोटे प्रकरण जिसमें अनावश्यक रुप से मुकदमेबाजी के कारण पक्षकारो के मध्य वैमन्यस्ता विद्यमान रहती है, को समाप्त कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में लोक अदालत द्वारा अपनी सक्रीय भूमिका निभायी जा रही है। उनके द्वारा लोक अदालत में आयोजित कार्यक्रमों के विषय में जानकारी देते हुए यह बताया गया कि आज की राष्ट्रीय लोक अदालत मात्र मामलों के निस्तारण तक सीमित नहीं रह गयी है, बल्कि कई प्रकार के सामाजिक कार्य भी किये जा रहे हैं। उनके द्वारा यह कहा गया कि इस समय हमारे देश की सेनायें बार्डर पर मुस्तैदी से जुटी हुई हैं। ऐसे में हम सभी का यह दायित्व बनता है कि हमारे बहादुर जवानों के परिजनों को कोई असुविधा न होने पाये। इसको दृष्टिगत रखते हुए एक विशेष सहायता शिविर मात्र सैन्य कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए आयोजित होने के विषय में जानकारी दी गयी। आज की राष्ट्रीय लोक अदालत में वृद्धा, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन हेतु एक शिविर भी लगाया गया। इसके अतिरिक्त लगाये गये मेडिकल कैम्प में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डाक्टर मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर बिजली बिल, गृहकर एवं जल कर सहित अन्य सामाजिक योजनाओं से सम्बंधित पाण्डाल भी लगाये गये हैं। प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा कुछ दिव्यांगजनों को ट्राईसाईकिल, बैसाखी एवं कान की मशीन का वितरण भी किया गया।

जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन मे कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य न्याय पालिका मे जो छोट-छोटे वादो का निस्तारण आज इस लोक अदालत के माध्यम जिला जज के अध्यक्षता कराया जायेगा। उन्होने बताते हुए हर्ष व्यक्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा जनपद स्तर लगभग ऐसे एक लाख ऐसे मामलों को चिन्हित किया गया है जिसका निस्तारण आज इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराया जायेगा। उन्होने बताया कि सैनिको के सम्मान के लिए भूतपूर्व सैनिको के लिए भी एक विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है जिससे समाज मे एक अच्छा संदेश जायेगा। इस इस आयोजन हेतु समस्त न्याय अधिकारीगण को बधाई दी।

प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवेक वर्मा राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) गाजीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आपचारी किशोर के बारे में हाल जाना एवं किशोरो को दी जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी भी ली गयी। विजय कुमार-प्ट, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर, द्वारा बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1 लाख 27 हजार 39 मामले निस्तारण हेतु नियत किये गये थे, जिसमें से सुलह समझौतें एवं संस्वीकृ ति के आधार पर कुल 1 लाख 13 हजार 387 वाद अंतिम रूप से निस्तारित किये गये। राजस्व विभाग के मामले, विभिन्न न्यायालयों द्वारा 14 हजार 20 मामले तथा बैंक एवं अन्य विभाग द्वारा कुल 86 हजार 171 मामले निस्तारित किये गये। परिवार न्यायालय द्वारा कुल 06 वैवाहित जोड़ो का एवं सुलह समझौता केन्द्र द्वारा कुल 01 विवाहित जोड़े की सुलह कराकर विदाई करायी गयी। इस अवसर पर एम.ए.सी.टी. संजय हरिशुक्ला, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार-प्प्प् मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नूतन द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी, समस्त बार संघ के पदाधिकारीगण एवं न्यायालय के कर्मचारीगण एवं वादकारी उपस्थित रहे।

### अदालती नोटिस

सम्मन बगरज तनकीह तलब न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गाजीपुर जिला गाजीपुर मोटरवाद संख्या. 1/2024 विनोद जायसवाल बनाम बृजभान बनाम .1 बृजेश कुमार पुत्र हरिशंकर राम निवासी ग्राम मसूदपुर भीमापार थाना सैदपुर जिला गाजीपुर रजिस्टर्ड स्वामी यू.पी. 61.ए.के.3637 हरगाहवादी ने इस न्यायालय में एक दावा दाखिल किया है जिसमे आपको सुचना दिया जाता है की तारीख 19.05.2025 पर 10 बजे दिन में खुद या मार्फ़त वकील के हाजिर अदालत होकर मुक़दमे में जवाबदेहि दावा दाखिल करें वरना आपकी अनुपस्थिति में मुक़दमे की कार्यवाही आपके खिलाफ एक तरफ़ा समायत की जाएगी। आज दिनांक को जारी हुआ। न्यायालय की आज्ञा से मुंसरिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बगरज तनकीह तलब न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन कक्ष संख्या.1 मुहम्मदाबाद जिला गाजीपुर मूलवाद संख्या. 14/2008 रामपुकार बनाम रामजतन बनाम .1 रामजतन उम्र करीब 27 वर्ष पुत्र स्व0 झिंगुर साकिन नोनेपुर परगना कोपाचीट जिला बलिया हरगाहवादी ने इस न्यायालय में एक दावा दाखिल किया है जिसमे आपको सुचना दिया जाता है की तारीख 18.07.2025 पर 10 बजे दिन में खुद या मार्फ़त वकील के हाजिर अदालत होकर मुक़दमे में जवाबदेहि दावा दाखिल करें वरना आपकी अनुपस्थिति में मुक़दमे की कार्यवाही आपके खिलाफ एक तरफ़ा समायत की जाएगी। आज दिनांक को जारी हुआ। न्यायालय की आज्ञा से मुंसरिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बगरज तनकीह तलब न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गाजीपुर जिला गाजीपुर मोटरवाद संख्या. 144/2023 अंशु बनाम दीपक सिंह बनाम .1 नन्द किशोर सिंह पुत्र रामवृक्ष सिंह निवासी ग्राम गहमर पट्टी बाबूराय थाना गहमर जिला गाजीपुर हरगाहवादी ने इस न्यायालय में एक दावा दाखिल किया है जिसमे आपको सुचना दिया जाता है की तारीख 19.05.2025 पर 10 बजे दिन में खुद या मार्फ़त वकील के हाजिर अदालत होकर मुक़दमे में जवाबदेहि दावा दाखिल करें वरना आपकी अनुपस्थिति में मुक़दमे की कार्यवाही आपके खिलाफ एक तरफ़ा समायत की जाएगी। आज दिनांक को जारी हुआ। न्यायालय की आज्ञा से मुंसरिम

### अदालती नोटिस

उपभोक्ता संरक्षण जिला फोरम गाजीपुर परिवाद संख्या सी.सी. 39/2024 सूरसती देवी बनाम दिनेश मौर्य (सी.एम.डी) आदि नोटिस. सूरसती देवी पत्नी स्व0 भरत राजभर ग्राम बबुरा पोस्ट बहरियाबाद तहसील जखनियां परगना शादियाबाद जनपद गाजीपुर उ0प्र0 ने इस जिला फोरम में निम्नलिखित प्रतिवादीध्प्रतिवादीगण के विरुद्ध परिवाद दर्ज कराया है जिसमें सुनवाई तिथि दिनांक 27.06.2025 को पूर्वान्हध्अपरान्ह 10.00 बजे निश्चित की गयी है। एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त तिथि एवं समय पर स्वयं अथवा अपने एजेन्ट/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पताध्आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी। प्रतिवादीध्प्रतिवादी गण 1. दिनेश कुमार मौर्य 2. दिवाकर मौर्य पुत्रगण दीपचन्द मौर्य निवासी ग्राम व पोस्ट कलन्दरपुर थाना गम्भीरपुर जिला आजमगढ़ 276302 3. राजेन्द्र शर्मा 4. दिनेश कुमार सटोरिया 5. प्रवीन कुमार शर्मा डायरेक्टर्स डूवेल इण्टरनेशनल लिमिटेड कम्पनी 303 गौरव टावरए मालवीय नगर जयपुर 302017 (राजस्थान) 6. अनन्त कुमार भारद्वाज पुत्र धर्मदेव राजभर निवासी ग्राम हरहामीर बोझवा थाना भुडकुडा जिला गाजीपुर। न्यायालय की आज्ञा से अध्यक्ष उपभोक्ता संरक्षण जिला फोरम गाजीपुर

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, जौनपुर

पत्रांक: 136 / ल0सिं0 / लेखा / निविदा सूचना / 2025-26 दिनांक: 06.05.2025

**अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना सं0 09/2025-26 (बजट स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से लघु सिंचाई खण्ड जौनपुर अन्तर्गत जनपद/उपखण्ड जौनपुर में जिला योजनान्तर्गत चेकडैम मरम्मत कार्यो हेतु ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नानुसार चेकडैम मरम्मत कार्यो हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या एसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखते हो, उनके विरूद्ध कोई जॉच लम्बित न हो, से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की वेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 14.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 20.05.2025 को सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in वेवसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल विड दिनांक 21.05.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त प्रयागराज के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल विड में उपयुक्त पाये गये निविदादाओं के फाइनेन्सियल विड दिनांक 23.05.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे से खोले जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह विड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | ग्राम | विकास खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि 10% (रू0 लाख में) | निविदा मूल्य/ स्टेशनरी चार्ज/ जी0एस0टी0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जौनपुर | परासिन चेकडैम मरम्मत कार्य | परासिन | शाहगंज | 8.32 | 0.84 | रू0 770.00 |
| 2 | | महरेंव चेकडैम मरम्मत कार्य | महरेंव | जलालपुर | 8.32 | 0.84 | रू0 770.00 |
| 3 | | दयालापुर चेकडैम मरम्मत कार्य | दयालापुर | बदलापुर | 4.31 | 0.44 | रू0 680.00 |
| 4 | | ऊदपुरगेल्हवा चेकडैम मरम्मत कार्य | ऊदपुरगेल्हवा | बदलापुर | 7.97 | 0.80 | रू0 770.00 |
| 5 | | भोगीपुर कठार चेकडैम मरम्मत कार्य | भोगीपुर कठार | महराजगंज | 8.25 | 0.83 | रू0 770.00 |
| 6 | | पोखरा चेकडैम मरम्मत कार्य | पोखरा | महराजगंज | 8.29 | 0.83 | रू0 770.00 |
| 7 | | हरीपुर चेकडैम मरम्मत कार्य | हरीपुर | सिरकोनी | 8.32 | 0.84 | रू0 770.00 |

नोट- 1- कार्यों के अनुबन्ध का गठन बजट स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। कार्यों की मात्रा एवं धनराशि घट-बढ़ सकती है।

www.up.gov.in

UPID: 233609 DATE: 09.05.2025

**(ए0एन0 पाण्डेय)**
अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड, जौनपुर

# खेल एकेडमी का भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**तरूणमित्र न्यूज**

**बरदह।** विकास खंड ठेकमा के ग्राम पंचायत बरसवाँ मदनपुर में स्थित लक्ष्मी बाई अमृत सरोवर पर भगत सिंह खेल एकेडमी का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान प्रमोद राय एवं विशिष्ट अतिथि चंद्रबली यादव प्रबंधक वनदेवी पूर्व मा विद्यालय मदनपुर रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से अखाड़े का भूमिपूजन किया गया।

एकेडमी के खुलने से क्षेत्र के बालक बालिका युवा पीढ़ी को खेलकूद, कुश्ती, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स आदि क्षेत्रों में आगे बढने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय पहलवान भगत सिंह खेल एकेडमी निजामाबाद के संचालक अमरजीत यादव, एकेडमी मुहम्मदपुर के संचालक अरविंद यादव, ठेकमा के खेल कोच रामफल यादव,संतोष यादव, सतेंद्र दीक्षित, मनीष गुप्ता सहित अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

THE CREATIVE BEST EDUCATION
CMM ENGLISH SCHOOL
Technology Enabled Education...
ADMISSION OPEN 2025-26
Our Special Features
Successful Result Since Inception. Child Centered Education.
Qualified and Efficient Teachers. Green Environment.
Student Friendly Ambience. CCTV Camera.
9451363534
7310383940
YAHIYAPUR POWER HOUSE ROAD
RASHIDABAD, JAUNPUR
cmmenglishschool@gmail.com
Cmm English School
Cmmesjnp

# छुट्टी कैंसल हुई तो ड्यूटी पर लौट रहा था जवान, रास्ते में ही पत्नी की मौत

**नई दिल्ली, 11 मई।** भारत-पाकिस्तान युद्ध की आशंका के बीच सेना ने सभी अफसरों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। इसी क्रम में ड्यूटी पर लौट रहे दिल्ली निवासी मेजर विक्रम गुप्ता की कार का टायर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर फट गया, इस दौरान भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में उनकी पत्नी वैशाली वाजपेई की मोके पर मौत हो गई, जबकि 3 साल की बेटी रिहाना गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका इलाज अलवर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। हेड कॉन्स्टेबल फकरुद्दीन ने बताया की दिल्ली मुंबई हाइवे पर छुट्टी काटकर ड्यूटी पर लौट रहे मेजर की गाड़ी का टायर फट जाने से उनकी पत्नी की मौत हो गई जबकि बेटी गंभीर रुप से घायल हो गई जिनका इलाज अलवर जिला अस्पताल में चल रहा है। मेजर विक्रम गुप्ता दिल्ली के दिलशाद गार्डन के पास रहते हैं और हाल ही में कोटा में रिश्तेदारी में पत्नी और बेटी के साथ गए हुए थे। इसी दौरान उन्हें सेना मुख्यालय से छुट्टियां रद्द होने की सूचना मिली, जिसके बाद वह परिवार के साथ दिल्ली लौट रहे थे। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर नौगांवा थाना क्षेत्र स्थित 82 नंबर पुलिया के पास अचानक कार का टायर फट गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# सीजफायर लागू, लेकिन पाक पर दबाव बरकरार

## पाकिस्तान के खिलाफ जारी रहेगी भारत की सख्ती

**नई दिल्ली, 11 मई।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पार तनाव बढ़ने के बाद भारत और पाकिस्तान तत्काल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। संघर्ष विराम भारतीय और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच बातचीत का परिणाम था। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए जाने के बाद पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मिसाइलें और ड्रोन दागे, जिन्हें भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणालियों ने नाकाम कर दिया था। हालांकि, अब सीजफायर की घोषणा हो चुकी है, लेकिन भारत द्वारा लिए गए ये सारे एक्शन अभी भी प्रभावी रहेंगे...

**सिंधु जल संधि का निलंबन:** सरकारी सूत्रों ने पुष्टि की है कि सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा, 'शनिवार को हुए युद्ध विराम समझौते में कोई पूर्व शर्त नहीं है और सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी।'

**एकीकृत चेक पोस्ट बंद रहेगी:** अटारी में एकीकृत चेक-पोस्ट भी बंद रहेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी-वाघा सीमा क्रॉसिंग को एक सप्ताह तक भारी सीमा पार आवाजाही के बाद पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

**व्यापार प्रतिबंध:** पाकिस्तान से सभी आयातों पर प्रतिबंध, चाहे वे प्रत्यक्ष हों या मध्यस्थ देशों के माध्यम से अभी जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान में पंजीकृत जहाजों को भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश करने से रोक दिया गया है और भारतीय जहाजों को पाकिस्तानी बंदरगाहों तक पहुंचने पर रोक लगा दी गई है।

**एयरस्पेस बंद:** भारत पाकिस्तान से आने-जाने वाली या पाकिस्तान से होकर जाने वाली उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करना जारी रखेगा, यह कदम 30 अप्रैल से लागू हुआ था।

**पाकिस्तानी एक्टर और एक्ट्रेस पर प्रतिबंध:** राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में भारत में पाकिस्तानी अभिनेताओं और कलाकारों पर प्रतिबंध जारी रखेगा। इसके अलावा, भारत में संचालित सभी ओटीटी प्लेटफार्मों, मीडिया स्ट्रीमिंग सेवाओं को पाकिस्तान की वेब सीरीज, फिल्में, गाने, पॉडकास्ट और अन्य डिजिटल सामग्री को बंद करना आवश्यक है।

**पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीज़ा सेवाएं:** भारत पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी प्रकार के वीज़ा को निलंबित करना जारी रखेगा। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद, सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी श्रेणियों के वीज़ा को निलंबित कर दिया था और भारत में पहले से मौजूद लोगों को 27 अप्रैल तक छोड़ने का निर्देश दिया था। हालांकि, मेडिकल वीज़ा को 29 अप्रैल तक विस्तार दिया गया था, जिसके बाद उन्हें भी रद कर दिया गया था।

# यूपी में 11 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

उत्तर प्रदेश में पुलिस विभाग में तबादलों का सिलसिला जारी है। बीते दिनों 10 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया गया, वहीं रविवार को 11 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा को लखनऊ परिक्षेत्र में पुलिस महानिरीक्षक की कमान सौंपी गई है। वहीं शासन ने लखनऊ में पीएसी महानिरीक्षक आशुतोष कुमार को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर नियुक्त किया गया है।

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC
& Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

Registration Form Available Now
(Admission Through Entrance Exam Only)
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
SAVITRI CONVENT HIGH SCHOOL
We Shape The Future
Limited Seats Only
SILVER JUBILEE OF 21st CENTURY OFFER
100% Discount on Admission Fee
From Today to 30th April 2025
पढ़ाई आसान, रिजल्ट शानदार
हर बच्चे को पढ़ाई के लिए मिलेगा सही गाइडेंस
स्कूल की 3 नयी सुविधाएं
✓ हर महीने माता-पिता के लिए लर्निंग रिपोर्ट
✓ पढ़ाई की नई शिक्षा नीति पर आधारित ट्रैकिंग सिस्टम
✓ घर पर पढ़ाई, रिवीजन और प्रैक्टिस के फ्री टूल्स
OUR MISSION
YOUR CHILD'S BEST ACADEMIC GROWTH
Contact: Dr. Ajit Asthana
Director (Administration)
Mob.: 9305963991, 6394015955
490-A, Civil Lines
Ambedkar Tiraha
Miyanpur, Jaunpur-222002
SAVITRI CONVENT SCHOOL | Ambedkar Tiraha, Jaunpur | 9305963991

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.( Nursing)
Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M.
सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
योग्यता: 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया: मेरिट के आधार पर
आयु सीमा: 17-35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199, 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675, 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रजि. नं. 49166 ( U.P. )
हिमानी हॉस्पिटल
[अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र]
डा. शैली निगम M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae) प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ हेल्पलाइन नं. 7800785686
डा. आदित्य निगम M.B.B.S.,M.S. (Ortho.) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
डा. तुषार मोहन जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन (प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड • सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्ष्य) • इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन • कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
• आर्थो • प्लास्टर • ज्वाइंट एन्जेक्शन • ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ 48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
नि:संतान महिलाएं अवश्य मिलें

स्वर्ण आभूषण होल सेल से कम रेट पर
16 वर्षों से शुद्धता एवं विश्वास की कसौटी पर ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरे सोने के भाँति निरंतरता को बनाये रखते हुए आमंत्रित करता है अपने प्रतिष्ठान
सौरव ज्वेलर्स
18 कैरेट जेवर पर 18 कैरेट का ही भाव लगेगा 22 कैरेट जेवर पर 22 कैरेट का ही भाव लगेगा
सोने के जेवर पर मेकिंग चार्ज 3.9 प्रतिशत से शुरू।
जो कि प्रदेश में पहली बार इतने न्यूनतम बनवाई पर HUID हाल मार्क गहने आप प्राप्त कर सकेंगे। विश्वास ही हमारी परम्परा है।
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर
प्रो0-सौरव कुमार बैंकर मो0- 7317337000

नि:सन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P., आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप
एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS
HURRY UP! PRE BOOK YOUR SEAT NOW
• जनपद जौनपुर का पहला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज।
• योग्य अनुभवी चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सीय शिक्षा।
• विशेषज्ञ आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा।
• डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रासाउण्ड, पैथोलॉजी, सर्जरी, ट्रामा, मेडिकल आई.सी.यू. ओटी, फिजियोथैरेपी, पंचकर्म, क्षारसूत्र से सुसज्जित हॉस्पिटल में विशेष प्रशिक्षण।
• विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु उत्कृष्ट वातावरण।
• आधुनिक पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला।

NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

| CATEGORY | PERCENTILE | MARKS |
| --- | --- | --- |
| GEN/EWS | 50%ile | 164 |
| OBC | 40%ile | 129 |
| SC | 40%ile | 129 |
| ST | 40%ile | 129 |

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

# 16 मई से शुरू हो सकता है आईपीएल

**नई दिल्ली, 11 मई।** आईपीएल 2025 को लेकर बीसीसीआई ने नई तारीखों के एलान का प्लान बना रहा है। उससे पहले रिपोर्ट्स हैं कि मौजूदा सीजन के बचे हुए 16 मैच 16 मई से खेले जा सकते हैं। प्लेऑफ-1 और 2 के साथ एलिमिनेटर मैच पहले से तय क्रिकेट वेन्यू पर ही खेले जा सकते हैं। ये मैच चार वेन्यू पर हो सकते हैं जिनमें मुंबई, अहमदाबाद के साथ दक्षिण के दो शहरों को शामिल किया जा सकता है। लखनऊ में भी एक मैच हो सकता है, क्योंकि आखिरी मैच जो वहां से हटाया गया था, अभी सारे इक्यूपमेंट वहीं लगे हुए हैं। याद हो कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच 9 मई को बीसीसीआई ने आईपीएल को एक हफ्ते के लिए स्थागित कर दिया था। बाद में भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने से आईपीएल को फिर से शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हुआ। आईपीएल के मौजूदा सीजन में अभी कुल 16 मुकाबले (12 लीग, 2 प्लेऑफ, 1 एलिमिनेटर और फाइनल) बचे हुए हैं।

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

जौनपुर शोरूम- पॉलिटेक्निक चौराहा, मिर्जापुर रोड, रूहट्टा, जौनपुर
सम्पर्क- 7309096302, 7000006397
सुलतानपुर शोरूम- सम्पर्क 1088/8, डी.एम. आवास के सामने सिविल लाइन्स, सुलतानपुर
सम्पर्क- 7800006396
गाजीपुर शोरूम- सकलेनाबाद, रसूलपुर, गाजीपुर- 233001
सम्पर्क 9415207229, 7800006395